तापमान
अधिकतम 30.3 डिग्री
न्यूनतम 6.6 डिग्री

हरिभूमि
जीटी रोड भूमि

रोहतक, शुक्रवार, 7 मार्च 2025

12 नर्सिंग के छात्रों ने जल शोधन संयंत्र का किया मुआयना

12 लोक अदालत के दौरान 27 केसों पर सुनाई, 8 रिहा

खबर संक्षेप

दुकान का ताला तोड़कर 50 हजार रुपये चोरी

यमुनानगर। गांव जुब्बल स्थित दुकान का ताला तोड़कर चोरों ने 50 हजार रुपये चोरी कर लिए। गांव जुब्बल निवासी प्रदीप कुमार ने पुलिस को बताया कि उसकी गांव में ही दुकान है। चोरों ने चार मार्च की रात को उसकी दुकान का ताला तोड़कर गल्ले से 50 हजार रुपये चोरी कर लिए। सुबह जब वह दुकान पर आया तो उसे शटर का लगा ताला टूटा हुआ और अंदर गल्ला खुला पड़ा था। पुलिस ने जांच के बाद केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

राड मार कर फाइनेंसर का पांव तोड़ने का आरोप

पानीपत। पानीपत के गांव कुराना में फाइनेंसर अमित की जसमेर नामक व्यक्ति ने अपने दो साथियों के साथ मिल कर मारपीट कर उसकी टांग तोड़ दी। पुलिस को दी शिकायत में अमित ने बताया कि जसमेर ने उससे एक हजार रूपये उधार लिए थे। काफी दिन तक जसमेर ने रूपये नहीं लौटाए, वापस मांगने पर जसमेर ने व उसके दो साथियों ने उसके साथ मारपीट की और राड मार कर उसकी टांग तोड दी। पुलिस ने तीनों हमलावरों पर केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

गांव अटावला से बेटी के साथ विवाहिता लापता

पानीपत। पानीपत के गांव अटावला से विवाहिता अपनी छह साल की बेटी के साथ लापता हो गई। वहीं थाना मतलौडा पुलिस को दी शिकायत में विवाहिता के पति ने आरोप लगाया कि राकेश उर्फ बबला निवासी दरभंगा, बिहार उनकी पत्नी को बहला फुसला कर अपने साथ ले गया, वहीं पत्नी अपनी छह साल की बेटी के साथ उसे साथ चली गई। पुलिस ने तीनों की तलाश शुरू कर दी है।

गांव पाथरी से किशोरी लापता, मामला दर्ज

पानीपत। पानीपत के गांव पाथरी निवासी 17 वर्षीय लड़की अपने घर से लापता हो गई। परिजनों ने उसकी हर संभावित स्थल पर तलाश की, लेकिन उसका सुराग नहीं लगा। वहीं लडकी के पिता की शिकाय पर थाना मतलौड पुलिस ने लडकी के लापता होने का केस दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है।

गांव बलाना में खेत से हजारों का माल चोरी

इसराना। पानीपत के गांव बलाना में चोरों ने किसान नारायण सिंह के खेत से 45 हजार रुपए का खरबूजे का बीज चुरा लिया। वहीं चोरों ने नारायण सिंह की दो ट्यूबवेलों से बिजली की तांबे की तार भी काटकर ले गए। इसराना थाना पुलिस ने नारायण की शिकायत पर केस दर्ज किया और घटनास्थल की जांच की।

छात्रों को आर्मी ज्वाइन करने के टिप्स दिए

पानीपत। सेना भर्ती कार्यालय, रोहतक के तत्वावधान में आउटरीच कार्यक्रम आयोजित किया गया। आर्मी रिकूटिंग ऑफिस की ओर से आयोजित इस अभियान का मुख्य उद्देश्य आर्मी को ज्वाइन क्यों करना चाहिए। आर्मी को ज्वाइन कैसे करना चाहिए, इन चीजों पर फोकस किया। आर्मी रिकूटिंग ऑफिसर लेफ्टिनेंट भूपेंद्र सिंह ने बताया कि आर्मी भर्ती कार्यालय की ओर से पानीपत, रोहतक, झज्जर और सोनीपत के विद्यार्थियों को अग्निवीर योजना के बारे में विस्तार से बताया गया है।

डोडा पोस्त तस्करी का आरोपी रिमांड पर भेजा

अंबाला। एंटी नारकोटिक्स सैल ने चूरापोस्त तस्करी के आरोप में एक स्कोर्पियो चालक के काबू किया है। तलाशी के दौरान पुलिस ने आरोपी के कब्जे से 53 किलो 200 ग्राम चूरापोस्त जब्त किया है। अब पुलिस ने आरोपी को तीन दिन के रिमांड पर लिया है। एंटी नारकोटिक सैल को सूचना मिली थी कि चूरा पोस्त की एक बड़ी खेप अंबाला पहुंच रही है।

महासंगम यात्रा का हरियाणा में प्रवेश आठ मार्च को होगा

सनातन संस्कृति को अपनाएं युवा : नैन

दो ज्योतिर्लिंग, चार धाम व 12 शक्तिपीठ की यात्रा का प्रदेशभर में भव्य स्वागत किया जाएगा

- 25 को दिल्ली के तालकटोरा स्टेडियम में होगा कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पानीपत

अंतरराष्ट्रीय मंदिर प्रबंधक परिषद के राष्ट्रीय महामंत्री संगठन डॉ. नवीन नैन भालसी ने बताया कि इतिहास में पहली बार महादेव के आशीर्वाद से 21 दिन में 12 ज्योतिर्लिंग, चार धाम, 12 शक्तिपीठ की महासंगम यात्रा सम्पन्न हो गई। अब यह यात्रा आठ मार्च से हरियाणा में प्रवेश कर रही है। 25 मार्च को भारतवर्ष की राजधानी दिल्ली के तालकटोरा स्टेडियम में विशाल प्रोग्राम का आयोजन किया जाएगा।

उन्होंने युवाओं से सनातन संस्कृति को अपनाने की अपील की। इधर, अंतर्राष्ट्रीय मंदिर प्रबंधक परिषद के राष्ट्रीय महामंत्री एवं एवीपीए इंटरनेशनल के चेयरमैन दीप सिहाग सिसाय ने बताया कि यह यात्रा महज धार्मिक यात्रा नहीं, बल्कि सनातन संस्कृति के जागरण और युवाओं को आध्यात्मिक शक्ति से जोड़ने का संकल्प बताया है। वे यात्रा के हर पड़ाव पर उपस्थित रहकर इसे सफल बनाने में सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं। उनका लक्ष्य मंदिरों के आधुनिकीकरण, डिजिटल बुकिंग, लाइव दर्शन, धार्मिक पर्यटन और प्राचीन धरोहरों के संरक्षण को बढ़ावा देना है, जिससे सनातन परंपरा को नई दिशा मिले व भगवा त्रिशूल यात्रा केवल शिवालयों की यात्रा नहीं, बल्कि यह भारत की सनातन आत्मा को जागृत करने की एक पुनीत पहल है। यह यात्रा हमें हमारे गौरवशाली अतीत से जोड़ती है और आने वाली पीढ़ियों के लिए एक मजबूत आध्यात्मिक नींव तैयार करती है। हमारा संकल्प है कि शिवालय केवल आस्था का केंद्र न रहकर, बल्कि सांस्कृतिक और आध्यात्मिक ऊर्जा के केंद्र बनें, जहां से एक नए भारत की चेतना जागे।

पानीपत। अंतर्राष्ट्रीय मंदिर प्रबंधक परिषद के राष्ट्रीय महामंत्री संगठन डॉ नवीन नैन भालसी के साथ महासंगम यात्रा के यात्रीगण। फोटो : हरिभूमि

120 त्रिशूलों को प्रतिष्ठित करने का है ये अभियान

इधर, परिषद की राष्ट्रीय प्रवक्ता दामिनी वशिष्ठ ने बताया कि यह यात्रा 120 पवित्र त्रिशूलों को प्रतिष्ठित करने का एक ऐतिहासिक अभियान है, जिसमें भारत के विभिन्न राज्यों के शिवालयों को एक सूत्र में पिरोया जा रहा है। यह केवल एक धार्मिक यात्रा नहीं, बल्कि सनातन संस्कृति की पुनर्स्थापना और राष्ट्र निर्माण की दिशा में एक दृढ़ संकल्प है।

परिषद और भगवा ऐप के संयुक्त प्रयास से यह यात्रा मंदिरों को डिजिटल तकनीक से जोड़ने, धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा देने और सनातन संस्कृति को युवाओं तक पहुंचाने का एक अभिनव प्रयास कर रही है। भगवा त्रिशूल यात्रा सनातन धर्म के पुनर्जागरण और मंदिरों के आधुनिकीकरण की एक ऐतिहासिक पहल बन चुकी है। यात्रा की यह दिव्य अग्निशिखा अयोध्या की पावन धरा पर पहुंचकर और भी प्रज्वलित होगी, जहां यह सनातन संस्कृति के स्वर्णिम भविष्य का मार्ग प्रशस्त करेगी।

ये रहेगा कार्यक्रम

यात्रा यमुनानगर से पंचकूला होकर चंडीगढ़ पहुंचेगी। नौ मार्च को चंडीगढ़ से अम्बाला होते हुए कुरुक्षेत्र पहुंचेगी। 10 मार्च को कुरुक्षेत्र से करनाल होते हुए गांव बड़ोता, गगसीना, मुनक, रेर कलां, धर्मगढ, कवि, मडलौडा होते हुए गंगा हेचरी गांव भालसी, पानीपत पहुंचेगी। वहीं, 11 मार्च को पानीपत से सोनीपत-गोहाना होते हुए जींद पहुंचेगी। 12 मार्च को जीन्द से गांव सिसाय, नारनौंद, हिसार पहुंचेगी। उसके बाद झज्जर होते हुए पटौदी-नलहढ महादेव होते हुए गुरुग्राम यात्रा पहुंचेगी।

फैक्ट्री की खरीद में डेढ़ करोड़ की ठगी का आरोप

- जांच में जाली पाए गए कंप्लीशन के कागजात
- महिला समेत दो के खिलाफ केस दर्ज, पुलिस ने जांच शुरू की

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पानीपत

पानीपत के अंसल सुशांत सिटी निवासी कमल आहुजा के साथ फैक्ट्री की खरीद फरोख्त में अजय गुप्ता व रेनु गुप्ता ने डेढ़ करोड़ रुपये की ठगी कर ली। हुडा सेक्टर 13/17 थाना पुलिस को दी शिकायत में कमल ने बताया कि अजय गुप्ता और रेनू गुप्ता ने उनसे मुलाकात की थी और बताया था कि वे महक स्पिनर्स गांव अजीजुलापुर, पानीपत के डायरेक्टर्स हैं।

सेक्टर 29 पार्ट 2 में एक फैक्ट्री है, जोकि 547 वर्गमीटर की है, जिस पर फैक्ट्री बनी है। वह उसे बेचना चाहते हैं, जोकि हर प्रकार के भार व तनाजा से मुक्त है। 22 अप्रैल 2022 को उक्त प्रॉपर्टी बेचने का 2 करोड़ 75 लाख रुपए की बात हुई। जिसमें से 20 लाख का चेक एडवांस के तौर पर ले लिया। 10 जुलाई 2022 को और 40 लाख रुपये ले लिए। 27 अगस्त को फिर 8.17 लाख रुपए ले लिए। उसने उक्त जायदाद का आगे सौदा नारायण गुलाटी व कृष्णा रानी के नाम कर दिया। जिनसे 50 लाख रुपए सीधे उक्त अजय व रेनू के खाते में ट्रांसफर किए गए। आगामी कार्रवाई करने को कहा तो दरखास्त एचएसआईडीसी इंडस्ट्रीयल एस्टेट रिफाइनरी रोड को लिखी। 22 अगस्त को विभाग द्वारा नारायण दास गुलाटी को बताया गया कि उक्त जायदाद की बाबत कोई ड्यू बकाया नहीं है और प्रोविजन ट्रांसफर उस पत्र में लिखी कंडीशन अनुसार जारी किया गया।

सरकारी फीस नहीं भरी

प्रोविजनल ट्रांसफर रद्द होने से ठगों ने इकरारनामा में लिख कर दिया कि वे हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण से कंप्लीशन सर्टिफिकेट करा कर देंगे। कंप्लीशन को हुडा से चेक करवाया गया, तो पता लगा कि यह कंप्लीशन के कागजात जाली है। क्योंकि जिस अधिकारी के हस्ताक्षर कंप्लीशन पर है, वह अधिकारी उस दिन हुडा पानीपत में तैनात नहीं था और अजय गुप्ता व रेनू गुप्ता ने कम्पाउंडिंग फीस सरकारी फीस भी नहीं भरी हुई है और इस फीस के बगैर हुडा कंप्लीशन पत्र जारी नहीं करता।

सो रहे व्यक्ति की नाले में गिरने से हुई मौत

जगाधरी के मछली बाजार में बने नाले की दीवार पर सो रहा था युवक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ यमुनानगर

जगाधरी के मछली बाजर में बने गंदे नाले में गिरने से व्यक्ति की मौत हो गई। बताया जा रहा है कि मृतक व्यक्ति गंदे नाले दी दीवार पर सो रहा था। नींद के झोंके से वह नाले में गिर गया। खबर लिखे जाने तक शव की शिनाख्त नहीं हो पाई है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर शिनाख्त के लिए सिविल अस्पताल स्थित शव गृह में रखवा दिया।

जानकारी के अनुसार वीरवार सुबह करीब 40 वर्षीय व्यक्ति जगाधरी के मछली बाजार के बीच से गुजर रहे गंदे की दीवार पर सो रहा था। इस दौरान उसे नींद का झोंका आया और वह नाले में गिर गया। आसपास के लोगों ने इसकी सूचना डायल 112 पुलिस टीम को दी। सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची और लोगों की सहायता से उसे बाहर निकाला। मगर तब तक उसकी मौत हो चुकी थी।

शव की शिनाख्त नहीं

पुलिस ने उसकी जेबों की तलाशी ली मगर उसके पास से कोई ऐसा दस्तावेज नहीं मिला। जिससे उसकी पहचान हो सके। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर शिनाख्त के लिए सिविल अस्पताल स्थित शवगृह में रखवा दिया। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी।

अवैध नशीले पदार्थ के साथ युवक गिरफ्तार

यमुनानगर। जिला पुलिस की सीआईए वन पुलिस टीम ने गांव मुजाफत खुर्द के पास से एक युवक को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से हजारों रुपये की 1210 ग्राम चरस बरामद की है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर उसे अदालत में पेशकर कार्रवाई शुरु कर दी।

सीआईए वन पुलिस टीम में तैनात एएसआई राजेंद्र कुमार ने बताया कि वह शाम को टीम के साथ गश्त कर रहा था। इस दौरान उसे सूचना मिली थी कि गांव मुजाफत खुर्द के पास एक युवक नशीला पदार्थ बेचने की फिराक में घुम रहा है। सूचना मिलते ही उसने टीम के साथ मौके पर पहुंचकर वहां संदिग्ध परिस्थितियों में घुम रहे युवक को हिरासत में लेकर उसकी तलाशी ली तो उसके पास से 1210 ग्राम चरस बरामद हुई। आरोपी से बरामद की गई चरस की बाजार में कीमत हजारों रुपये में बताई जा रही है।

कॉलेज की दीवारों पर छात्रों ने बनाए मधुबनी चित्र

- भारत की पारंपरिक लोक कला को बढ़ावा देने का अनूठा प्रयास
- पेंटिंग की इस शैली को मिथिला पेंटिंग के रूप में भी जाना गया है

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पानीपत

आर्य कॉलेज के बी.वॉक टेक्सटाइल, फैशन और इंटीरियर डिजाइनिंग विभाग और नगर निगम पानीपत के संयुक्त तत्वावधान में भारत की पारंपरिक लोक कला को बढ़ावा देने का अनूठा प्रयास किया गया। विभाग के विद्यार्थियों ने कॉलेज की दीवार पर अद्भुत मधुबनी चित्रकलाएं बनाकर लोगो का मन मोह लिया।

कॉलेज प्राचार्य डॉ. जगदीश गुप्ता ने फैशन डिजाइनिंग व इंटिरियर डिजाइनिंग विभाग की विभागाध्यक्षा डॉ. संतोष टिक्कू को कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए बधाई दी। प्राचार्य डॉ. जगदीश गुप्ता ने कहा कि जैसा की नाम से ही प्रतीत होता है कि मधुबनी पेंटिंग्स बिहार के मधुबनी जिले से आती है। यह वह क्षेत्र है जिसे राजा जनक का राज्य माना जाता है और यही कारण है कि पेंटिंग की इस शैली को मिथिला पेंटिंग के रूप में भी जाना जाता है। इस प्रकार की पेंटिंग्स शुरू में केवल महिलाओं द्वारा की जाती थी और आज भी इस क्षेत्र में ज्यादातर महिला चित्रकारों का दबदबा है। माना जाता है कि पेंटिंग्स उनकी आशाओं, सपनों और आकांक्षाओं को व्यक्त करती है और जब वे शादियों के लिए घरों को सजाती थीं तो उनकी खुशी छलक उठती थी। उन्होंने जानकारी देते हुए बताया की दीवार पेंटिंग के रूप में शुरू हुई यह कला कपड़े, कैनवास, लकड़ी, कागज, क्रॉकरी और सजावट के सामान सहित विभिन्न माध्यमों पर सुंदर मधुबनी पेंटिंग विद्यार्थियों द्वारा बनाई गई। पारंपरिक मधुबनी कला में अक्सर जटिल ज्यामितीय पैटर्न होते थे, जिसमे की पेंटिंग्स मुख्य रूप से पौधों, फलों और सब्जियों जैसे प्राकृतिक स्त्रोतों से प्राप्त रंगों का उपयोग करके बनाई जाती थी और अभी भी बनाई जाती हैं। मधुबनी चित्रकारी को बनाने के लिए लगभग 40 विद्यार्थी निरंतर एक सप्ताह तक सुबह से शाम तक कार्य करते रहे।

पानीपत। आर्य कॉलेज की दीवारों पर चित्रकारी करते हुए विद्यार्थी। फोटो : हरिभूमि

नगर निगम का समर्थन

इस कार्य को अधिक सुविधाजनक बनाने के लिए कॉलेज के प्राचार्य और नगर निगम पानीपत ने पूर्ण समर्थन, सामग्री और अन्य बुनियादी ढांचा प्रदान किया। इस अवसर पर विभागाध्यक्षा डॉ. संतोष टिक्कू सहित अन्य स्टाफ सदस्य मौजूद रहे।

दुष्कर्म के दोषी को 20 साल की कैद

- दोषी पर 50 हजार का जुर्माना नहीं देने पर 23 साल की सजा

पानीपत। पोस्को एक्ट, फास्ट ट्रैक कोर्ट के एएसजे सुखप्रीत सिंह की अदालत ने किशोरी के साथ दुष्कर्म करने के आरोपी राहुल निवासी गांव तारपुर जिला करनाल को दोषी करार देते हुए 20 साल के कठोर कारावास की सजा दी और पचास हजार रूपये जुर्माना किया। जुर्माना नहीं देने पर दोषी को साल अतिरिक्त कारावास भोगना होगा। स्मरणीय है कि सदर थाना पुलिस को दी शिकायत में 13 जनवरी सन-2023 को दुष्कर्म से पीडित लडकी की मां ने बताया कि 12 जनवरी 3 को वह दवाई लेने के लिए दूसरे गांव गई हुई थी। उसकी 16 वर्षीय बेटी घर पर अकेली थी। इसी दौरान बेटी को घर में अकेला देखकर राहुल निवासी गांव तारपुर जिला करनाल घुस आया। जिसने वहां नाबालिग बेटी के साथ दुष्कर्म किया। वहीं राहुल ने दुष्कर्म के बारे में किसी को भी बताने पर राहुल ने मां-बाप को जान से मारने की धमकी दी थी। धमकी से नाबालिग डर गई थी। जिसने घटना के अगले दिन मां को आपबीती बताई थी।

नहरों में प्रदूषित पानी डालने वालों पर सख्त कार्रवाई होगी

- पानी के ट्रैक्टर, टैंकर संचालकों पर लगाम कसेगा प्रशासन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पानीपत

पानीपत प्रशासन ने जहरीला पानी ड्रेनों में डालने वाले ट्रैक्टर टैंकरों के संचालकों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने का बीड़ा उठाया है। प्रशासन ने ऐसी फैक्ट्री संचालकों के नाम की सूची तैयार करनी प्रारंभ कर दी है जो फैक्ट्री का जहरीला पानी ट्रैक्टर टैंकरों के जरिए नदियों में डलवा रहे हैं। जल्द ही उन लोगों को चेहरा जनता के सामने लाया जाएगा जो इस घिनौने कार्य को अंजाम दे रहे हैं। उपायुक्त ने आरटीओ को ट्रैक्टर टैंकर बंद करने के भी सख्त निर्देश दिए।

उपायुक्त डॉ. वीरेंद्र दहिया ने जिला सचिवालय के सभागार में प्रदूषण विभाग, पुलिस विभाग, सिंचाई विभाग आरटीओ व कई अन्य विभागों के अधिकारियों के साथ महत्वपूर्ण बैठक कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उपायुक्त ने कहा कि शिकायत मिली है कि ट्रेन नंबर दो में इंडस्ट्री का जहरीला पानी रात्रि के वक्त कुछ टैक्टर टैंकरों द्वारा डाला जा रहा है। ज्यादातर कार्य ट्रैक्टर टैंकरों द्वारा रात्रि के वक्त होता है। प्रशासन इसको लेकर मुस्तैदी से कार्य कर रहा है। उन ट्रैक्टर टैंकरों का पता लगाने के प्रयास किये जा रहे हैं जो ड्रेन नंबर दो में रात्रि के वक्त इंडस्ट्री के जहरीले पानी को व कचरे को डालने का कार्य कर रहे हैं। उन्होंने अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए की इसमें किसी भी तरह की कोताही नहीं बरते। इसको गंभीरता से ले व ज्यादा से ज्यादा उपरोक्त स्थान का निरीक्षण करें। रात्रि के वक्त पुलिस का सहयोग लेकर गश्त बढ़ाएं। उन ट्रैक्टर टैंकर के संचालकों का पता लगाने के निर्देश भी दिए जो इस घिनौनी हरकत को अंजाम दे रहे हैं। ये मानवता के दुश्मन है इन्हें किसी भी तरह से राहत नहीं दी जाएगी।

चौकसी बढ़ाने के निर्देश

उपायुक्त ने अधिकारियों को कहा कि वो रसलापुर पुल के पास रात्रि के वक्त कराड व बरसत रोड पुल के पास और चौकसी बढ़ाएं। जो ट्रैक्टर टैंकर रात्रि के वक्त वहां से गुजरती है व पानी को ड्रेन नंबर दो में डालते हैं उनके खिलाफ तुरंत कार्रवाई करें।

सजा का प्रावधान : एसपी

पुलिस अधीक्षक लोकेंद्र सिंह ने कहा कि यह डेमेज टू पब्लिक प्रॉपर्टी के दायरे में आता है। जो भी ट्रैक्टर टैंकर वाले रात्रि के वक्त जहरीले पानी को ड्रेन नंबर दो के आसपास या ड्रेन में डालते हैं उनके खिलाफ तत्काल कार्रवाई करें इस मामले में सजा का प्रावधान भी है। उन्होंने प्रदूषण विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि जहां भी उन्हें डाउट लगे वहां पर पुलिस की मदद लेकर तुरंत कार्रवाई करें। उन फैक्टियों का भी पता लगाने की निर्देश दिए जो इस जहरीले पानी को ट्रैक्टर टैंकरों के जरिए ट्रेन नंबर दो में डलवा रही हैं।

प्रदेश के प्रत्येक नागरिक को मुहिम से जोड़ना होगा : महासचिव

'एक राष्ट्र-एक चुनाव' की पॉलिसी आवश्यक : बंसल

- चुनाव समिति के सह संयोजक के निवास पर बैठक आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुरुक्षेत्र

भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव सुनील बंसल ने कहा कि देश की तरक्की के लिए एक राष्ट्र एक चुनाव की पॉलिसी को अपनाना होगा। इस अहम विषय को लेकर पूरे प्रदेश और देश में एक मत को तैयार करने का प्रयास करना होगा। इसके लिए प्रदेश के प्रत्येक नागरिक को एक राष्ट्र एक चुनाव की मुहिम के साथ जोड़ना होगा।

महासचिव सुनील बंसल गत देर रात्रि सेक्टर 8 में 48 कोस तीर्थ निगरानी कमेटी के चेयरमैन एवं एक राष्ट्र एक चुनाव समिति के सह संयोजक मदन मोहन छाबड़ा के निवास पर समिति की अहम बैठक को सम्बोधित कर रहे थे। इससे पहले चेयरमैन मदन मोहन छाबड़ा ने कैबिनेट मंत्री कृष्ण कुमार बेदी, राष्ट्रीय महामंत्री सुनील बंसल, संगठन मंत्री फणीन्द्रनाथ शर्मा, प्रदेश महामंत्री अर्चना गुप्ता,एक राष्ट्र एक चुनाव के हरियाणा संयोजक एडवोकेट विजय पाल, भाजपा के जिला अध्यक्ष सुशील राणा को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया।

कुरुक्षेत्र। भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव सुनील बंसल का स्वागत करते एक राष्ट्र एक चुनाव समिति के सह संयोजक मदन मोहन छाबड़ा।

भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव सुनील बंसल ने कहा कि देश में अलग-अलग समय पर चुनाव होने पर बहुत ज्यादा खर्चा होता है। इससे देश की आर्थिक स्थिति पर सीधा प्रभाव पड़ता है और समय की बबार्दी के साथ-साथ प्रशासनिक अधिकारियों पर काम का भार ज्यादा हो जाता है। इन चुनावों में जब अधिकारी, कर्मचारी व्यस्त रहते है तो आम व्यक्ति के कार्य भी रूक जाते है।

इतना ही नहीं विकास की गति भी एक दम रुक जाती है। इस देश में एक राष्ट्र एक चुनाव को लेकर पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद ने एक कानून लाने का काम किया और इसके लिए पूरे देश का जनमत तैयार करने के लिए अब तेज गति के साथ कार्य किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि एक राष्ट्र एक चुनाव को लेकर पूरे समाज का एक मत बने इसके लिए अब किसानों, युवाओं, महिलाओं, बुद्धिजीवियों के साथ-साथ हर वर्ग और आम नागरिक के साथ चर्चा और बैठकों का दौर चल रहा है। यह पॉलिसी देश के हित के लिए है।

जागरूक बनें

हरियाणा के सामाजिक एवं न्याय अधिकारिता मंत्री कृष्ण कुमार बेदी ने कहा कि देश की आर्थिक स्थिति को खराब होने से बचाने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में पूरे देश में एक साथ लोकसभा व विधानसभा के चुनाव करवाने के विषय पर चर्चा की जा रही है। इस पॉलिसी को देश के प्रत्येक नागरिक को जागरूक होने की जरूरत है। हरियाणा प्रदेश के हर व्यक्ति को इस मुहिम के साथ जोड़ने का कार्य तेज गति के साथ किया जा रहा है।

कोल्ड स्टोर का ताला तोड़कर लाखों रुपये का सामान चोरी

- पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ किया केस दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ यमुनानगर

जगाधरी रोड बिलासपुर स्थित कोल्ड स्टोर का ताला तोड़कर चोरों ने करीब दो लाख रुपये की कीमत का सामान चोरी कर लिया। पुलिस ने मामले की जांच के बाद अज्ञात चोरों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

शहर की प्रोफेसर कॉलोनी निवासी रमीकांत गुप्ता ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसका बिलासपुर में जगाधरी रोड पर कोल्ड स्टोर है। चार मार्च को वह रात आठ बजे कोल्ड स्टोर को बंद करवाकर घर आ गया था। सुबह जब वह कोल्ड स्टोर पर गया तो मशीन रूम का ताला टूटा हुआ था और सामान बिखरा पड़ा था। जांच करने पर वहां से चार मोटरें, दो स्टार्टर, 40 किलो कॉपर की तार, 12 क्विंटल लोहा, एक कट्टर, ड्रील मशीन, ग्रेंडर, टूल बॉक्स व अन्य सामान गायब मिला। उसने बताया कि चोरी हुए सामान की कीमत करीब दो लाख रुपये है। उसने चोरी की सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने मामले की जांच के बाद अज्ञात चोरों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया।

तेजली में राइस मिल से चावल के 25 कट्टे चोरी

गांव तेजली निवासी गुरशरण सिंह ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसका तेजली में राइस मिल है। चोरों ने रात के राइस मिल से चावल के 25 कट्टे चोरी कर लिए। जांच करने पर जब उसे राइस मिल से चावल के कट्टे गायब मिले तो उसने चोरी की सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने मामले की जांच के बाद अज्ञात चोरों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

फैक्ट्रियों की चिमनियां उगल रही काला धुआं, फसलें हो रही प्रभावित

◆ जठलाना और रादौर क्षेत्र में फैक्ट्रियों के धुएं से किसान परेशान, शिकायत के बाद भी नहीं हो कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रादौर

जठलाना व रादौर क्षेत्र में लगी फैक्ट्रियों की चिमनियां रात दिन धुआं उगल रही हैं। जिससे पर्यावरण तो प्रदूषित हो ही रहा है। वहीं, फैक्ट्रियों के आसपास खेतों में लह लहा रही फसलों पर भी बूरा असर पड़ रहा है। जठलाना व रादौर क्षेत्र के किसानों ने फैक्ट्रियों की चिमनियों से उगला जा रहे धुआं पर अंकुश लगवाए जाने की मांग की। जठलाना क्षेत्र के मारूपुर निवासी दिनेश कुमार, प्रेमचंद, राजेश कुमार, रवि व सुनील कुमार आदि ने बताया कि उनके क्षेत्र में लगी प्लाईवुड फैक्ट्रियों का जहरीला धुंआ ग्रामीणों के स्वास्थ्य व फसलों के लिए आफ्त बना हुआ है। धुएं के साथ साथ काली राख व कोयले के कण ग्रामीणों के कपड़े व फसलें खराब कर रहे हैं।

■ स्वास्थ्य पर भी पड़ रहा दुष्प्रभाव

इसका असर लोगों के स्वास्थ्य पर भी पड़ रहा है। ग्रामीणों ने बताया कि मामले को लेकर कई बार संबंधित विभाग को अवगत करवाया जा चुका है। लेकिन समस्या का आज तक कोई समाधान नहीं हुआ। कुछ दिन पहले गांव मारूपुर में फैक्ट्रियों के धुएं से गांव में गोभी की फसल पूरी तरह खराब हो गई थी। ग्रामीणों का कहना है कि प्लाईवुड की इन फैक्ट्रियों की चिमनियों की जांच होनी चाहिए और नियमों का उल्लंघन कर रही फैक्ट्रियों पर कार्रवाई होनी चाहिए। दूसरी ओर गांव खजूरी के पास लगी फैक्ट्रियों के धुएं के साथ राख के कण गिर रहे हैं। जिसका गहरा असर पास में खड़ी फसलों पर भी पड़ रहा है। खजुरी निवासी साहब सिंह राणा ने बताया कि उनके खेतों के पास प्लाई की फैक्ट्री लगी है। जो दिन रात काला धुआं उगल रही है। जिससे गांव के किसानों की फसलों को हानि पहुंचाने वाले कण निकाल रहे हैं। यह कण फसलों पर जहां भी गिर जाते हैं। वहीं से फसल खराब हो जाती है।

किसानों की सरकार से फैक्ट्रियों से निकल रहे धुएं पर अकुंश लगाने की मांग

शिकायत मिलने के बाद होगी जांच

पॉल्यूशन (प्रदूषण) विभाग के आरओ वीरेंद्र सिंह पूनिया का कहना है कि इस संबंध अभी तक किसी भी ग्रामीण ने विभाग को शिकायत नहीं दी है। हमारे पास जिस भी फैक्ट्री से संबंधित यदि कोई शिकायत आएगी उसकी जांच कर फैक्ट्री के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई अमल में लाई जाएगी

खबर संक्षेप

बीईओ ने किया मंधार स्कूल का निरीक्षण

रादौर। बीईओ करनैल सिंह ने वीरवार को राउवि मंधार का निरीक्षण किया। इस दौरान हाजिरी रजिस्टर, एसएमसी, लाइब्रेरी व मिड डे मिल की जांच की। निरीक्षण में सभी कर्मचारी मौके पर पाए गए। बीईओ व उनके सहयोगी स्कूल में करवाए गए कार्यों से संतुष्ट नजर आए। प्राचार्य रोहित अरोड़ा ने बताया कि निरीक्षण टीम ने स्कूल में करवाए गए विभिन्न कार्यों व सौंदर्यकरण की प्रशंसा की। इस मौके पर जोगिंद्र सिंह, मुकेश, प्रीति, राजेश मौजूद रहे।

1857 की क्रांति थीम के लोगो पर मांगें आवेदन

यमुनानगर। आजादी की पहली लड़ाई 1857 के वीर शहीदों की याद में अंबाला कैंट में आजादी की पहली लड़ाई के शहीद स्मारक का निर्माण किया जा रहा है। जिसके लिए प्रतीक चिन्ह (लोगो) डिजाइन तैयार करने हेतु इच्छुक कलाकारों, डिजाइनरों और व्यक्तियों से प्रविष्टियां मांगी गई हैं। डीसी पार्थ गुप्ता ने बताया कि एक अप्रैल 2025 तक प्रतीक चिन्ह (लोगो) डिजाइन की प्रविष्टियां आमंत्रित की गई हैं। लोगो का डिजाइन मौलिक हो व उसमें स्वतंत्रता संग्राम की भावना झलकनी चाहिए।

आम बजट में जिलावासियों को प्रदेश सरकार से बहुत सी उम्मीदें

तीन दशक बीत जाने के बावजूद नहीं मिली जिलावासियों को एक्सप्रेस-वे की सौगात

भगवान सिंह राणा ▶▶| यमुनानगर

पल बीते, दिन बीते और बीत गए तीन दशक, मगर अभी तक जिलेवासियों को यमुनानगर से देश की राजधानी को जोड़ने वाले एक्सप्रेस-वे की सौगात नहीं मिली है। दिल्ली के बवाना तक बनने वाले इस एक्सप्रेस-वे की घोषणा तत्कालीन मुख्यमंत्री भजनलाल ने 1994-95 में की थी। वहीं, यमुनानगर की दशकों से उठ रही ट्रक अड्डा बनाए जाने, कॉमन इनफ्ल्यूनेंस ट्रीटमेंट प्लांट लगाए जाने की मांग भी वर्षों से ठंडे बस्ते में पड़ी हैं। हर वर्ष की तरह इस बार भी सात मार्च से शुरु होने वाले हरियाणा सरकार के बजट सत्र में पेश किए जाने वाले आम बजट में जिलेवासियों को बहुत सी उम्मीदें हैं। जिन्हें करीब तीन दशक से लंबित एक्सप्रेस-वे सहित कई परियोजनाएं शामिल हैं। हरिभूमि ने विभिन्न वर्गों के गणमान्य से इसे लेकर बात की तो उन्होंने अपनी विभिन्न प्रतिक्रियाएं दी।

खास खबर

व्यापारियों को मिले लाइसेंस से छूट व आसान शर्तों पर कर्ज

उद्योगों को आसान शर्तों पर मिले ऋण उद्योग व्यापार मंडल के प्रदेशाध्यक्ष महेंद्र मित्तल का कहना है कि हरियाणा सरकार को बजट सत्र में पेश किए जाने वाले आम बजट में व्यापारियों को लाइसेंस प्रणाली से छुटकारा दिलानने और उद्योगों को आसान शर्तों पर ऋण मुहैया करवाए जाने की घोषणा करनी चाहिए। ताकि उद्योगों का विकास हो सके और उनमें लोगों को रोजगार मिल सके।

एक्सप्रेस-वे परियोजना

वर्ष 1994-95 में तत्कालीन मुख्यमंत्री स्वर्गीय चौ. भजन लाल द्वारा यमुनानगर से दिल्ली के बवाना तक यमुना नदी के किनारे एक्सप्रेस-वे परियोजना के बनाए जाने की घोषणा की थी। इस परियोजना के लिए सर्वे भी हो चुका था। उस समय इसकी लागत करीब आठ हजार करोड़ रुपये खर्च थी। इसके बनने से यमुनानगर-जगाधरी में स्थित हजारों स्टील व प्लाइवुड इंडस्ट्री का कारोबार बढ़ेगा। राजधानी दिल्ली से जिले के लोगों की सीधी कनेक्टिविटी के साथ-साथ करनाल, पानीपत, सोनीपत, रोहतक समेत हरियाणा के अन्य हिस्सों में जाना आसान हो जाएगा और यमुनानगर से सटे हिमाचल, उत्तराखंड और पश्चिमी यूपी के शहरों की भी दिल्ली से दूरी कम हो जाएगी। मगर परियोजना को अभी तक शुरु नहीं किया गया। हालांकि वर्ष 2015 में निवर्तमान मुख्यमंत्री एवं वर्तमान में केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल ने भी इस परियोजना की फाइल निकालकर इस पर कार्य शुरु करने का प्रयास किया था। मगर अभी तक परियोजना शुरु नहीं हो सकी।

यमुनानगर कुरूक्षेत्र फोरलेन नहीं बना

समाजसेवी एवं कांट्रेक्टर मनीष मलिक का कहना है कि यमुनानगर से कुरुक्षेत्र तक वर्षों से फोरलेन की मांग की जा रही है। यमुनानगर से कुरुक्षेत्र मार्ग पर उत्तर प्रदेश, हरियाणा समेत विभिन्न प्रांतो के रोजाना हजारों वाहनों का आवागमन होता है। सरकार को इस मार्ग को फोरलेन बनाने व ट्विन सिटी में ट्रक अड्डा बनाने की मांग करनी चाहिए। जिससे लोगों की परेशानियां दूर हो सकें। सड़कों पर ट्रक खड़े होने व कुरूक्षेत्र यमुनानगर मार्ग तंग होने से आए दिन हादसों का डर बना रहता है। बजट में ट्विन सिटी में ट्रक अड्डा बनाए जाने की भी घोषणा करें।

किसने क्या कहा

कांग्रेस व भाजपा ने कुछ नहीं किया

आप नेता ललित त्यागी ने कहा कि तीन दशक में कांग्रेस व भाजपा की सरकारें बनी। न कांग्रेस ने इस महत्वकांक्षी योजना को पूरा किया और ना ही ग्यारह साल से भाजपा सरकार यमुना एक्सप्रेस-वे के बनाने में गंभीरता दिखा रही है। मौजूदा सरकार वादे ज्यादा व विकास के नाम पर ढेंगा दिखा रही है। आम बजट में सरकार को इस महत्वकांक्षी योजना को सिरे चढ़ाने की घोषणा कर जिलेवासियों को सौगात दी जानी चाहिए।

कॉमन इनफ्ल्यूनेंश ट्रीटमेंट प्लांट

यमुना बचाओ संघर्ष समिति के सह संयोजक संजय मित्तल ने कहा कि समिति 2012 से जिले में कॉमन इनफ्ल्यूनेंश ट्रीटमेंट प्लांट बनाने की मांग कर रही है। ताकि फैक्ट्रियों का कैमिकल्स युक्त पानी को उसमें ट्रीटमेंट किया जा सके।

2014 में प्रचार करने आए पीएम नरेंद्र मोदी ने यमुना को गंगा व साबरमती की तर्ज में साफ करने व घाट बनाए जाने का संकल्प लिया था। मगर अभी तक कोई काम नहीं हुआ। कई बार ज्ञापन भी दिए जा चुके हैं, पर कोई समाधान नहीं हुआ। यमुना बचाओ संघर्ष समिति आम बजट में हरियाणा सरकार से यमुना नदी पर गंगा की तर्ज पर घाट बनाए जाने और कॉमन इनफ्ल्यूनेंश ट्रीटमेंट प्लांट लगाए जाने की ठोस घोषणा चाहती है।

ट्रैफिक नियम तोड़े, 2932 वाहनों के काटे चालान, 4.55 लाख जुर्माना

यमुनानगर। यातायात नियमों को तोड़ने वाले वाहन चालकों के खिलाफ जिले की ट्रैफिक पुलिस सख्त है।

■ गलत पार्किंग के 637 चालान काटे

राजीव देसवाल, एसपी, यमुनानगर।

फरवरी माह की बात की जाए तो ट्रैफिक पुलिस द्वारा यातायात नियमों को तोड़ने वाले 2932 वाहनों के चालान किए गए हैं। जिन पर चार लाख 55 हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया गया है। सबसे ज्याद चालान गलत पार्किंग के कटे है। जिसकी संख्या 637 है। एसपी राजीव देसवाल ने पत्रकारों को बताया कि जिले में ट्रैफिक को सुचारू रूप से चलाने के लिए ट्रैफिक पुलिस ने पिछले काफी समय से अभियान चलाया हुआ हैं। आमजन को समय-समय पर ट्रैफिक के नियमों की पालना करने के लिए जागरूक भी किया जा रहा है। बिना हेलमेट व दस्तावेजों की दुपहिया वाहन लेकर घूमने वालों व पटाखे बजाने वाले बुलेट मोटरसाइकिल के चालान किए जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि ट्रैफिक पुलिस द्वारा फरवरी माह में नियम तोड़ने वाले 2932 वाहनों के चालान किए गए हैं। इन वाहन चालकों से चार लाख 55 हजार रुपये का जुर्माना वसूला गया है। उन्होंने बताया कि चालान में ओवर स्पीड के 564, ड्रंकन ड्राइव के 15, लेन चेंज के 197, गलत साइड ड्राइविंग के 276, गलत पार्किंग के 637, बुलेट पटाखा मोटरसाइकिल नौ, बिना नंबर प्लेट व बिना पैटर्न के 116 चालान किए गए हैं।

जागरूकता के बाद भी नियमों का पालन नहीं कर रहे वाहन चालक

पुलिस अधीक्षक ने बताया कि पिछले लंबे समय से ट्रैफिक पुलिस लोगों को ट्रैफिक नियम पालन करने के लिए जागरूक कर रही है। लेकिन लोग नियमों का पालन नहीं कर रहे। इसलिए ट्रैफिक पुलिस को चालान काटने पड़ रहे हैं। ट्रैफिक पुलिस की ओर से नाकाबंदी लगाकर वाहनों की जांच की जा रही है। सबसे अधिक ध्यान वाहन चलाते समय मोबाइल फोन का प्रयोग करने वालों पर है। इसके अतिरिक्त बिना नंबर की बाइकों व पटाके बजने वाले बुलेट मोटर साइकिल पर दिया जा रहा है। ऐसे वाहनों को सीज किया जा रहा है।

किसानों, आढ़तियों और मंडियों के अस्तित्व को खत्म करने का प्रयास कर रही सरकार : सुभाष गुर्जर

रादौर। भारतीय किसान यूनियन की ओर से वीरवार को गांव धौड़ंग स्थित जिला कार्यालय में प्रदेश उपाध्यक्ष दीप राणा नंबरदार की अध्यक्षता में बैठक हुई। जिला अध्यक्ष सुभाष गुर्जर ने प्रदेश सरकार पर तीन कृषि कानून के प्रावधानों को नए रूप में लागू करने का आरोप लगाया। सरकार कृषि विपणन बाजार नीति के जरिए किसानों, आढ़तियों व मंडियों के अस्तित्व को खत्म करने का प्रयास कर रही है। इस नीति के विरोध में संयुक्त किसान मोर्चा के बैनर तले प्रदेश भर में जिला मुख्यालयों पर प्रदर्शन करके उपायुक्त को ज्ञापन सौंपा जाएगा। भाकियू ने सरकार को चेतावनी देते हुए कहा कि यदि इस नीति को सरकार ने वापस नहीं लिया तो रणनीति बनाकर आंदोलन को और तेज किया जाएगा। भाजपा सरकार कारपोरेट घरानों के साथ मिलकर किसानों, आढ़तियों व मंडियों का अस्तित्व खत्म करने के प्रयास में हैं। सीएम पंजाब की तर्ज पर तत्काल रद्द करके इस नीति को कर केंद्र सरकार को भेजें।

शॉटपुटः छात्र शुभम व छात्रा गोस्वामी प्रथम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रादौर

जेएमआईटी एवं जेएमआईईटीआई इंजीनियरिंग कॉलेज के संयुक्त तत्वावधान में संस्थान परिसर में एक दिवसीय खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसका शुभारंभ जेएमआईटी के निदेशक डा. संजीव कुमार गर्ग व कॉलेज के निदेशक डॉ. विवेक शर्मा ने किया। आकाश में गुब्बारे छोड़े गए।

जेएमआईटी के निदेशक डॉ. संजीव कुमार गर्ग ने बताया कि पुरुष वर्ग की शॉटपुट प्रतियोगिता में शुभम ने प्रथम, गीतांशु ने द्वितीय व रॉबिन ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। महिला वर्ग की शॉटपुट प्रतियोगिता में गोस्वामी ने प्रथम, खुशी ने द्वितीय व शगुन ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। लांग जम्प पुरुष वर्ग में प्रियांशु ने बाजी मारी। वहीं, महिला वर्ग में शिखा विजयी रही। लड़की वर्ग की डिस्कस थ्रो शगुन विजेता बनी। डॉ. संजीव कुमार गर्ग ने कहा कि खेल मानसिक, शारीरिक, सामाजिक विकास के लिए महत्वपूर्ण है।

यमुनानगर। जेएमआइईटीआई इंजीनियरिंग कॉलेज में आयोजित प्रतियोगिता में भाग लेते खिलाड़ी।

दिमागी दक्षता बढ़ाते हैं खेल

यह हमें स्वस्थ रखने, दिमाग की क्षमता को विकसित करने, सामरिकता का अभ्यास करने, टीमवर्क करने का अवसर प्रदान करता है। यह हमारे जीवन की गुणवत्ता को बढ़ाता है। हमें सकारात्मक रूप से सोचने, संघर्ष करने और जीतने की क्षमता प्रदान करता है। जेएमआईईटीआई के निदेशक डॉ. विवेक शर्मा ने कहा कि छात्र खेलों से अनुशासन, सहयोग की भावना एवं नेतृत्व के गुण सीख सकते हैं।

खेल इंजीनियरिंग के क्षेत्र में भी अहम भूमिका निभाते हैं। प्रतियोगिताओ के सफल संचालन की रूपरेखा संस्थान की खेल गतिविधियों से खेल इंचार्ज डॉ. यूपी सिंह, डॉ. अभिषेक धीमान और गुलशन कुमार ने तैयार की।

जेवलिन में नीलिशा और शिका प्रथम

जेवलिन के लड़कियों के वर्ग में नीलिशा ने प्रथम, शगुन ने द्वितीय व ऋतु ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। लड़कियों की लांग जंप प्रतियोगिता में शिका ने प्रथम, गोस्वामी ने द्वितीय व ऋतु ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। लड़कों के लांग जंप में प्रियांशु प्रथम, आयुष द्वितीय व सार्थक तृतीय स्थान पर रहे। लड़कों के जेवलिन थ्रो में सार्थक ने प्रथम, निखिल ने द्वितीय व रॉबिन ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

प्रियांशु व शिवानी प्रथम

लड़कों की 200 मीटर रेस में प्रियांशु ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। लड़कों की 800 मीटर रेस में कुणाल राणा ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। लड़कों की 400 मीटर रेस में प्रियांशु ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। वहीं, लड़कियों की 200 मीटर रेस में गोस्वामी ने प्रथम, ऋतु ने द्वितीय व गरिमा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। लड़कियों की 400 मीटर रेस में शिवानी ने प्रथम, चंचल ने द्वितीय व स्नेहा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। लड़कियों की 100 मीटर रेस में गोस्वामी ने प्रथम, नीलिशा ने द्वितीय व गरिमा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

बाजार की चुनौतियों से निपटने को पढ़ाई के साथ एक्सट्रा स्किल जरूरी

यमुनानगर। डीएवी गर्ल्स कॉलेज के इंस्टीट्यूशनल इनोवेशन काउंसिल, इंक्यूबेशन स्किल डेवलपमेंट एंड इंप्लॉयमेंट जनरेशन सेल की ओर से छात्राओं के लिए शॉर्ट टर्म स्किल कोर्सिस पर व्याख्यान हुआ। प्राचार्या डॉ. सुरिंद्र कौर, कनवीनर विवेक व डॉ.अनिता मौदगिल ने छात्राओं का मार्गदर्शन किया। प्राचार्या ने कहा कि कॉलेज के विभिन्न विभागों की ओर से छात्राओं के लिए शार्ट टर्म स्किल कोर्सिज की शुरूआत की गई है। फ्री समय में छात्राएं स्किल कोर्स के जरिए अपने कौशल को बढ़ाकर बाजार की चुनौतियों से निपट सकती हैं। कंपीशिन के दौर में पढ़ाई के साथ-साथ एक्सट्रा स्किल बेहद जरूरी हैं। स्किल सीखकर जहां छात्राओं के लिए रोजगार के नए अवसर खुलेंगे, वहीं वे खुद का स्टार्टअप भी शुरू कर सकती हैं। विवेक ने कहा कि केंद्र सरकार के शिक्षा मंत्रालय के निर्देश पर कॉलेजों में इंस्टीट्यूशनल इनोवेशन काउंसिल की शुरूआत की गई है। डॉ. अनिता मौदिगल ने कहा कि कॉलेज के अंग्रेजी विभाग की ओर से कम्यूनिकेशन स्किल कोर्स शुरू किया गया है। जिसमें छात्राओं की इंग्लिश को बेहतर बनाया जाएगा।

विद्यार्थियों को आधुनिक वेब तकनीकों की जानकारी होना जरूरी

यमुनानगर। ग्लोबल रिसर्च इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट एंड टेक्नोलॉजी नाचरौन(रादौर) में बीटेक सीईएसई और बीसीए विद्यार्थियों के लिए एमईआरएन स्टैक डेवलपमेंट विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। मुख्य वक्ता के रुप में सेंसेशन सॉल्यूशंस मोहाली के सॉफ्टवेयर इंजीनियर गुरजिंदर सिंह व दीपांशु ने भाग लिया। कार्यशाला में विद्यार्थियों को आधुनिक वेब विकास तकनीकों से परिचित कराया गया और उन्हें एमईआरएन स्टैक, मौंगों डीबी, एक्सप्रेस जेएस, रिएक्ट जेएस, नोड जेएस का उपयोग करके प्रभावी और स्केलेबल वेब एप्लिकेशन बनाने के बारे में जानकारी दी गई। उन्होंने विद्यार्थियों को उद्योगों में नौकरी पाने के लिए आवश्यक तकनीकी कौशल के बारे में जानकारी दी और उन्हें वेब विकास के क्षेत्र में नवीनतम तकनीकों से अवगत करवाया गया।

अवैध खनन : कर रहे नियमित मॉनिटरिंग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

जिले में अवैध खनन पर निरंतर कार्रवाई की जा रही है। जिसमें बीती देर शाम प्रशासन व खनन विभाग ने जिले में विभिन्न स्थानों पर सर्च अभियान चलाकर अवैध खनन में शामिल आठ वाहनों को सीज किए। 56 वाहनों के चालान काटकर 34 लाख 51 हजार 600 रुपये का जुर्माना लगाया।

डीसी पार्थ गुप्ता ने बताया कि खनन एवं भूविज्ञान विभाग के महानिदेशक केएम पांडुरंग के निर्देशानुसार खनन विभाग यमुनानगर द्वारा अवैध खनन एवं परिवहन पर निरंतर कार्रवाई की जा रही है। हरियाणा सरकार प्रदेश में किसी भी रूप से अवैध खनन को रोकने के लिए दृढ़संकल्प है और जिला प्रशासन इस दिशा में उल्लेखनीय कदम उठा रहा है। डीसी ने बताया कि यमुनानगर

जिला से निकल रही यमुना नदी सहित अन्य स्थानों पर अवैध खनन रोकने व बिना ई रवाना बिल के निकलने वाले खनिज वाहनों पर पूरी संजीदगी के साथ मॉनिटरिंग की जा रही है।

प्रशासन की टीमें जिले में दिन रात जहां सड़कों पर बिना ई.रवाना बिल के खनिज वाहनों की जांच कर रही हैं। वहीं नियमों की अवहेलना करने वालों पर कार्रवाई भी सुनिश्चित की जा रही है। देर शाम विभिन्न स्थानों पर चलाए गए सर्च अभियान में एसडीएम जगाधरी की टीमों द्वारा 1 वाहन को सीज किया गया तथा 13 वाहनों का चालान कर 5 लाख 60 हजार रुपये का जुर्माना लगाया गया।

एक वाहन सीज

एसडीएम व्यासपुर की टीम द्वारा 1 वाहन को सीज किया गया तथा 13 वाहनों का चालान कर 3 लाख 28 हजार 100 रुपये जुर्माना लगाया गया। वहीं, एसडीएम छछरौली की टीमों द्वारा 4 वाहनों को अवैध खनिज के परिवहन में शामिल पाए जाने पर नियमानुसार सीज किया। आरटीए विभाग द्वारा 13 वाहनों का चालान कर 17 लाख 8 हजार रुपये का जुर्माना लगाया गया। एसडीएम रादौर की टीमों द्वारा 2 वाहनों को सीज किया गया और 7 वाहनों का चालान कर 8 लाख 55 हजार 500 रुपये का जुर्माना लगाया गया। उन्होंने बताया कि जिला के सभी एसडीएमए पुलिस विभाग व खनन विभाग के अधिकारियों द्वारा निरंतर दिन रात चैकिंग की जा रही है।

नगर निगम आयुक्त ने अधिकारियों के साथ की समीक्षा बैठक

स्वच्छता सर्वेक्षण को लेकर लापरवाही बर्दाश्त नहीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

स्वच्छ सर्वेक्षण 2024 में सर्वश्रेष्ठ रैंक के लिए नगर निगम कमिश्नर आयुष सिन्हा ने निगम कार्यालय में पब्लिक हेल्थ, इंजीनियरिंग ब्रांच और सफाई शाखा के अधिकारियों की बैठक ली। बैठक में सीवरेज सिस्टम, एसटीपी, जीएफसी (कचरा मुक्त शहर) ओडीएफ प्लस प्लस व स्वच्छ सर्वेक्षण संबंधित अन्य विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई। हर विषय पर अधिक से अधिक अंक लेने के लिए निगम आयुक्त ने अधिकारियों को सख्त दिशा निर्देश दिए।

निगम आयुक्त आयुष सिन्हा ने कहा कि स्वच्छ सर्वेक्षण में कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने अधिकारियों को सर्वेक्षण संबंधित हर विषय पर किए जाने वाले कार्यों व गतिविधियों की फाइल तैयार करने व डाटा अपडेट करने के निर्देश दिए। निगम आयुक्त आयुष सिन्हा ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि शहर में जहां भी सीवरेज बने हुए हैं। उन्हें कवर्ड किया जाए। ब्लॉक सीवरेज को दुरुस्त करें। शहरी क्षेत्र के सभी एसटीपी की जांच करें। एसटीपी से निकलने वाले पानी का सही प्रबंध करवाएं। रोजाना की लॉगबुक तैयार करें। एसटीपी से किसानों को दिए जाने वाले पानी का भी पूरा रिकॉर्ड हो। स्वच्छ सर्वेक्षण के लिए कभी भी टीम शहर में आ सकती है। इसलिए सभी एसटीपी पर पर्याप्त प्रबंध हो। कर्मचारियों के स्वास्थ्य की जांच के लिए चेकअप कैंप लगाएं। निगम कमिश्नर आयुष सिन्हा ने अभियंता शाखा व सफाई शाखा के अधिकारियों से ओडीएफ प्लस प्लस और जीएफसी गारबेज फ्री सिटी (कचरा मुक्त शहर) विषयों पर चर्चा की। स्वच्छ सर्वेक्षण में ओडीएफ प्लस प्लस के 1200 अंक और जीएफसी के 1300 अंक है। सफाई अधिकारियों ने बताया कि पहले भी नगर निगम यमुनानगर जगाधरी ओडीएफ डबल प्लस का सर्टिफिकेट हासिल कर चुका है। दोबारा ओडीएफ डबल प्लस का सर्टिफिकेट मिलने से स्वच्छ सर्वे में शहर की रैंकिंग भी सुधरेगी। ओडीएफ डबल प्लस के लिए टीम जल्द शहर में सर्वे करेंगी। जिसमें शहर के शौचालयों में स्वच्छता, शहर के आदर्श शौचालय का पैमाना, मल निपटान प्लांट की व्यवस्था, बाहर शौच से मुक्त की स्थिति, रिहायशी व व्यवसायिक क्षेत्रों की सफाई व्यवस्था देखी जाएगी। इसलिए सभी कार्यों व गतिविधियों की फाइल व रिकार्ड तैयार हो। स्वच्छ सर्वेक्षण की टीम आने पर उसे यह फाइल दिखाएं। मौके पर अतिरिक्त निगम आयुक्त डॉ. विजय पाल यादव, एक्सईएन विकास धीमान, पब्लिक हेल्थ एक्सईएन सौरभ, सीएसआई हरजीत सिंह, सीएसआई सुनील दत्त, एसआई गोविंद शर्मा समेत सफाई निरीक्षक मौजूद रहे।

यमुनानगर। बैठक में अधिकारियों को दिशा निर्देश देते हुए निगम आयुक्त।

चौदस मेले में लाखों श्रद्धालु करेंगे चैत्र की अमावस पर स्नान : डीडी शर्मा

- सरस्वती के पवित्र तट पर पूर्वजों की आत्मा की शांति के पूजा अर्चना करवाई जाएगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पिहोवा

भाजपा नेता जय भगवान शर्मा डीडी ने कहा कि उपमंडल पिहोवा में 27 से 29 मार्च 2025 तक चैत्र चौदस मेले का आयोजन किया जाएगा। चैत्र चौदस मेले में देश-विदेश से लाखों की संख्या में श्रद्धालुओं द्वारा सरस्वती के पवित्र तट पर अपने पूर्वजों की आत्मा की शांति के पूजा अर्चना करवाई जाएगी तथा आमवस के दिन सरस्वती सरोवर के पवित्र जल में स्नान किया जाएगा। भाजपा नेता जय भगवान शर्मा डीडी वीरवार को किसान रेस्ट हाऊस के सभागार में चैत्र चौदस मेले की तैयारियों की समीक्षा को लेकर अधिकारियों की एक बैठक को सम्बोधित कर रहे थे। इससे पहले उपमंडल अधिकारी नागरिक कपिल कुमार ने अधिकारियों की बैठक में चैत्र चौदस मेले के प्रबंधों को लेकर फीडबैक रिपोर्ट ली और सम्बंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देश भी दिए कि चैत्र चौदस मेले की तैयारियों में किसी प्रकार की कमी नहीं रहनी चाहिए। सभी तैयारियां समय रहते पूरी की जाएं ताकि श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की दिक्कत या परेशानी न आए। भाजपा के वरिष्ठ नेता जय भगवान शर्मा डीडी ने बैठक में अधिकारियों से बातचीत करते हुए चैत्र चौदस मेला 2025 की सभी तैयारियों की जानकारी ली तथा अधिकारियों को जरूरी दिशा-निर्देश भी दिए। उन्होंने कहा कि उपमंडल पिहोवा में हर वर्ष चैत्र चौदस मेला बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया जाता है। इस मेले में देश के कोने-कोने से लाखों की संख्या में श्रद्धालु आते हैं तथा अपने पूर्वजों के लिए पिंडदान करते हैं। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि चैत्र चौदस मेले के आयोजन में किसी प्रकार की कमी नहीं रहनी चाहिए। यह मेला लोगों की श्रद्धा से जुड़ा है तथा देश-विदेश से भारी संख्या में लोग सरस्वती तीर्थ के पवित्र तट पर पंहुचते हैं। उन्होंने कहा कि सरकार व प्रशासन के आपसी तालमेल से चैत्र चौदस मेले का सफलतापूर्वक आयोजन किया जाएगा। एसडीएम ने कहा कि कानून एवं सुरक्षा व्यवस्था के लिए पुलिस विभाग, पानी व्यवस्था एवं अस्थाई शौचालय के लिए जन स्वास्थ्य विभाग, सरस्वती तीर्थ से पानी की निकासी एवं पुन भराई के लिए सिंचाई विभाग, बिजली के लिए विभिन्न विभागों की ड्यूटियां लगाई गई हैं।

मेले की तैयारियों का जायजा लिया तथा अधिकारियों को जरूरी दिए निर्देश

पिहोवा। अधिकारियों को संबोधित करते उपमंडल अधिकारी नागरिक कपिल कुमार।

ये रहे मौजूद : इस मौके पर तहसीलदार विनती, नगरपालिका सचिव मोहन लाल, मार्किट कमेटी सचिव चंद्र सिंह, खंड शिक्षा अधिकारी रामराज, बीडीपीओ पिहोवा व इस्माईलाबाद अंकित सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित थे।

सुरक्षा व्यवस्था के लिए किए पुख्ता इंतजाम

डीएसपी निर्मल सिंह ने कहा कि चैत्र चौदस मेले में सुरक्षा व्यवस्था के लिए कई पुख्ता इंतजाम किए जाएंगे। इसके अतिरिक्त शहर के कोने-कोने में सीसीटीवी कैमरे लगाए जाएंगे जो मेले के दौरान हर गतिविधि पर नजर रखेंगे। मेला क्षेत्र के ऐसे एरिया जहां पर भीड़ ज्यादा रहती हो, वहां पर अतिरिक्त सीसीटीवी कैमरों की व्यवस्था की जाएगी। मेले के दौरान अंबाला रोड, गुहला-पिहोवा रोड, कैथल रोड, गलेडवा रोड तथा कुरुक्षेत्र रोड पर चेक पोस्ट लगाए जाएंगे। इन चैक पोस्टों पर पुलिस विभाग के अधिकारी व कर्मचारी ड्यूटी देंगे, ताकि एक ही स्थान पर पूर्ण चैकिंग हो सके व मेले में आने वाले यात्रियों को अलग-अलग जगहों पर न रूकना पड़े। इसके अतिरिक्त इस बार चैत्र चौदस मेले में पिछली बार से ज्यादा महिला पुलिस कर्मचारी तैनात की जाएंगी। मेला क्षेत्र में पुलिस कंट्रोल रूम भी स्थापित किया जाएगा।

खबर संक्षेप

पशुओं के स्वास्थ्य के बारे दी निःशुल्क जानकारी

कुरुक्षेत्र। चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के कृषि विज्ञान केंद्र, कुरुक्षेत्र द्वारा गांव दबखेड़ी में निःशुल्क पशु स्वास्थ्य शिविर लगाया गया। यह शिविर डॉ. ललिता रानी और डॉ. कविता ने एससीएसपी आईसीएआर परियोजना के तहत लगाया। शिविर का मुख्य उद्देश्य, किसानों और किसान महिलाओं को उनके पशुओं के स्वास्थ्य के बारे में जानकारी प्रदान करना, पशुओं के स्वास्थ्य की जांच करना और उन्हें आवश्यक उपचार प्रदान करना था। किसानों और किसान महिलाओं को मिनरल मिश्रण और दवाएं निःशुल्क वितरित की गई।

जिंदल सिटी में भागवत कथा आज से

कुरुक्षेत्र। रेजिडेंशियल वेलफेयर सोसाइटी जिंदल ग्लोबल सिटी के तत्वावधान में श्रीमद्भागवत कथा का शुभारंभ आज 7 मार्च से जिंदल ग्लोबल सिटी के क्लब में किया जाएगा। रेजिडेंशियल वेलफेयर सोसाइटी के प्रधान मनमोहन छतवाल व यजमान सुरेंद्र सिंह मनियानी, डॉ अश्विनी मित्तल, रजनी छतवाल, कुलविंदर सिंह खुराना ने संयुक्त रूप से बताया कि 7 से 13 मार्च तक प्रतिदिन 3 से 6 बजे तक प्रसिद्ध कथावाचक भगवत प्रवक्ता वेदाचार्य अनिल शास्त्री होली के पावन अवसर परश्रीमद्भागवत कथा का भक्ति से परिपूर्ण हर्ष उलास के साथ कथा का रसपान कराएगें।

एनएसएस स्वयंसेवकों ने किया पौधरोपण

कुरुक्षेत्र। कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के एनएसएस यूटीडी इकाई-3 द्वारा वृक्षारोपण अभियान का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम विश्वविद्यालय के धरोहर संग्रहालय के समक्ष आयोजित हुआ, जिसमें छात्रों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। डीन छात्र कल्याण, प्रोफेसर ए.आर. चौधरी और कार्यक्रम अधिकारी डॉ. निधि माथुर ने इस अभियान को आगे बढ़ाते हुए कहा कि हर एनएसएस स्वयं सेवक अपने जन्मदिन पर एक पोधा रोपण करके उसका ध्यान रखेगा।

डीएमसी सतेन्द्र सिवाच ने चालान करने के दिए आदेश

गलियों और चौराहों पर कूड़ा फेंकने वालों पर रहेगी सीसीटीवी की नजर

- कार्यालय में अधिकारियों के साथ ली बैठक
- शहर को स्वच्छ बनाने के लिए नए सिरे से योजना तैयार करने के भी दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

कुरुक्षेत्र। अधिकारियों को संबोधित करते डीएमसी सतेंद्र सिवाच।

जिला नगर आयुक्त सतेन्द्र सिवाच ने कहा कि शहर की गलियों और चौराहों में कूड़ा फेंकने वाले लोगों पर अब सीसीटीवी कैमरे के माध्यम से नजर रखी जाएगी। इस विषय को गंभीरता से लेते हुए प्रशासन की तरफ से कुछ जगह निर्धारित की है जहां लोग कूड़ा डालने से नहीं हट रहे। ऐसी जगहों पर सीसीटीवी कैमरे के माध्यम से नजर रखने की व्यवस्था करने के निर्देश दिए गए है। इतना ही नहीं सार्वजनिक स्थलों पर कूड़ा डालने वाले लोगों के चालान कर जुर्माना किया जाएगा। डीएमसी सतेन्द्र सिवाच वीरवार को नए लघु सचिवालय डीएमसी कार्यालय में अधिकारियों की एक बैठक को सम्बोधित कर रहे थे। इससे पहले डीएमसी सतेन्द्र सिवाच ने थानेसर नगर परिषद को स्वच्छता सर्वेक्षण की टॉप रैंकिंग में लाने के लिए किए जा रहे प्रयासों में और तेजी लाने के कुछ आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इतना ही नहीं डीएमसी ने शहर को स्वच्छ बनाने के लिए नए सिरे से योजना तैयार करने के निर्देश देते हुए कहा कि शहर के नागरिकों की मानसिकता में बदलाव लाने के लिए स्वच्छता अभियान को एक जन आंदोलन का रूप देना है। यह तभी संभव होगा जब अधिकारी और कर्मचारी घर-घर जाकर थानेसर को स्वच्छ शहर बनाने के प्रति जागरूक करेंगे और मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी का संदेश पहुंचाएंगे।

स्वच्छता सर्वेक्षण की टॉप रैंकिंग में लाने के लिए अधिक मेहनत करने की जरूरत

उन्होंने कहा कि उपायुक्त नेहा सिंह के नेतृत्व में शहर को स्वच्छ बनाने में अथक प्रयास शुरू किए जा चुके है और इसके सार्थक परिणाम भी नजर आ रहे है। लेकिन शहर को स्वच्छता सर्वेक्षण की टॉप रैंकिंग में शुमार करने के लिए और अधिक मेहनत करने की जरूरत है। इस लक्ष्य को हासिल करने के लिए अधिकारियों, कर्मचारियों को कार्य का आबंटन कर दिया गया है। यह अधिकारी, कर्मचारी विद्यालयों, होटल संचालकों को जागरूक करेंगे, पार्कों, शौचालयों, बस स्टैंड और कार्यालयों की सफाई की तरफ विशेष ध्यान देंगे। इस बैठक में नप ईओ राजेश कुमार, नप अधिकारी के एल बठला, मुख्य सफाई निरिक्षक जीतेन्द्र नरवाल, विकास, अभिषेक एवं आई ई सी एक्पर्ट बीरेंद्र कुमार भारद्वाज उपस्थित थे।

आमजन के घर-घर जाकर लेंगे फीडबैक

डीएमसी ने अधिकारियों को सख्त आदेश दिए कि थानेसर शहर में अधिकारी, कर्मचारी आम नागरिक की फीडबैक लेंगे और ऑनलाइन प्रणाली से रिपोर्ट को अपडेट भी करेंगे। इसके लिए अभियान को पूरी इमानदारी और मेहनत के साथ आगे बढ़ाना होगा ताकि अधिक से अधिक लोगों की फीडबैक ली जा सके।

कचरे से खाद बनाने का किया जाएगा काम

डीएमसी ने कहा कि प्रत्येक नागरिक को गीले और सूखे कचरे को अलग-अलग करने के लिए जागरूक करना होगा और वाहनों में भी कचरा रखने के बॉक्स रखने के प्रति जागरूक करेंगे। इस कचरे से खाद बनाने का काम किया जाएगा ताकि इस खाद का बागवानी के लिए प्रयोग किया जा सके।

कुरुक्षेत्र पैनोरमा एवं विज्ञान केन्द्र में प्रतियोगिताओं का किया आयोजन

- फैन्सी ड्रैस प्रतियोगिता में काशिका को मिला प्रथम स्थान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

कुरूक्षेत्र पैनोरमा एवं विज्ञान केन्द्र में केन्द्र की 24वीं वर्षगांठ समारोह का आयोजन किया गया। ज्ञातव्य है कि 6 मार्च 2001 को भारत के तत्कालीन प्रधानमंत्री माननीय अटल बिहारी वाजपेयी ने कुरूक्षेत्र पैनोरमा एवं विज्ञान केन्द्र का उद्घाटन किया था। केन्द्र के परियोजना समन्वयक सुरेश कुमार सोनी ने बताया कि गत 24 वर्षों में लगभग 1 करोड़ से अधिक दर्शक इस केन्द्र का भम्रण कर चुके हैं। सोनी ने बताया कि यह केन्द्र दर्शकों को बेहतर सुविधा प्रदान करते हेतु तथा विज्ञान के विभिन्न यामों को सुगम ढंग से दर्शकों के समक्ष प्रस्तुत करने हेतु सदैव तत्पर हैं। जीतेंद्र कुमार दास के अनुसार फैन्सी ड्रैस प्रतियोगिता में महाराणा प्रताप स्कूल के काशिका को प्रथम, संजय गांधी ओम प्रकाश गर्ग मेमोरियल स्कूल की अमृता एवं चाहत को द्वितीय स्थान मिला।

इन्हें मिला पुरस्कार

बाल विज्ञान प्रश्नोतरी में ओजस, हर्षित, विवान चोपड़ा, मनन, समर, हार्दिक, केशव, सार्थक, निष्ठा, गर्वित, जानवी, विहान, विधिसा, गुरनूर कौर, विनी, गर्वित, शौर्य, अर्नव, भवनीत, मनप्रीत कौर और मितांश ने पुरस्कार प्राप्त किया।

डीएलएसए लगा रहा है जागरुकता शिविर

थानेसर। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव एवं सीजेएम नितिन राज ने कहा कि जिला एवं सत्र न्यायधीश आराधना साहनी के मार्गदर्शन में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा जागरूकता शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। इस शिविर के दौरान पीएलवी जोगिन्दर ने सोढ़ी गांव में आमजन को संगठित और असंगठित मजदूरों के अधिकारों, नालसा हेल्पलाइन नंबर 15100, विधवाओं के लिए हालसा की योजनाएं, नालसा, पोष एक्ट व डीएलएसए द्वारा दी जाने वाली मुफ्त कानूनी सहायता के बारे में जागरूक किया गया।

प्रिंटिंग-पैकेजिंग के बिना मार्केट अधूरी जिससे विकास भी अधूरा : रामेश्वर

- प्रिंटिंग प्रेस के इंचार्ज रामेश्वर सैनी ने विद्यार्थियों कों जनसंचार एवं मीडिया प्रौद्योगिकी की जानकारी दी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

प्रिंटिंग एवं पैकेजिंग के बिना मार्केट अधूरी, मार्केट अधूरी तो विकास अधूरा है। ये कहना है, कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के प्रिंटिंग प्रेस के इंचार्ज रामेश्वर सैनी का जो जनसंचार एवं मीडिया प्रौद्योगिकी संस्थान के बीए.एम.सी चतुर्थ सेमेस्टर और एम.ए. चतुर्थ सेमेस्टर के विद्यार्थियों को प्रिंटिंग प्रक्रिया के बारे जानने पहुंचे थे। उन्होंने कहा कि वर्तमान में प्रिंटिंग इंस्डट्री ऑटोमोबाइल इंस्डट्री के बाद दूसरी बड़ी इंस्डट्री है जो दूसरे सभी क्षेत्रों का निरंतर विकास कर रही है। उन्होंने विद्यार्थियों द्वारा प्रिंटिंग संबंधित अनेकानेक पूछे गए प्रश्नों को उत्तर देते हुए कहा कि विद्यार्थियों में प्रश्न पूछने की जिज्ञासा ही अधिक से अधिक सीखने का मिलता है। विश्वविद्यालय प्रिंटिंग प्रेस भ्रमण का नेतृत्व कर रहे संस्थान के सहायक प्राध्यापक डॉ. अभिनव ने कहा कि विद्यार्थियों को बेहतर सीखाने के लिए शैक्षणिक भ्रमण भी एक बेहतरीन माध्यम है, इस अवसर पर जनसंचार एवं मीडिया प्रौद्योगिकी संस्थान के निदेशक प्रोफेसर महासिंह पूनिया ने कहा कि विद्यार्थियों को इस तरह के शैक्षणिक भ्रमण से प्रैक्टिकल के अनुरुप सीखाने का प्रयास किया जाता है, जोकि उनके पाठयर्क्रम के अनुरूप है।

ये रहे मौजूद

इस अवसर पर प्रिंटिग प्रेस के सुपरवाईजर विनोद तिवारी, राजेश शर्मा अभिषेक, विक्की, विकास के साथ विद्यार्थीगण कमलेश, रिंकू, भावना, साक्षी, भावना शर्मा, कीर्ति, जशलीन, नमहा यादव, निशा, साहिल, सृष्टि, हितेश राय, अमन मलिक, नेहा, नंदिनी, हर्षिका, अनमोल, ज्योति, शोषित, मोहित, कंचन, अंजलि, खुशी, इंद्रजीत, रोहित, राघव उपस्थित थे।

पेटीएम क्यूआर कोड के जरिए चालान भरने की सुविधा शुरू

कुरुक्षेत्र। चालान भरने के लिए अब वाहन चालकों को दफ्तरों के चक्कर नहीं काटने पड़ेंगे। कुरुक्षेत्र पुलिस ने पेटीएम क्यूआर कोड के जरिए चालान भरने की सुविधा शुरू की है। पुलिस अधीक्षक वरुण सिंगला के आदेशानुसार जिला पुलिस द्वारा इस सुविधा को शुरू किया गया। जानकारी देते हुए डीएसपी यातायात रोहतास कुमार ने बताया कि इस क्यूआर कोड को जिले के सभी थानों, चौकियों, ट्रैफिक बूथों और पुलिस कार्यालयों तथा कस्बा पेहवा, सैक्टर-13, सैक्टर-5 के सीएससी सैन्टरों में लगाया गया है। वाहन चालक पेटीएम से इस क्यूआर कोड को स्कैन करके चालान नंबर या वाहन नंबर डालने पर चालान की राशि दिखेगी, जिसे तुरंत भरा जा सकेगा। डीएसपी यातायात रोहतास ने बताया कि इससे लोगों का समय बचेगा और घर के पास पुलिस थाना या चौंकी से चालान का भुगतान किया जा सकेगा।

डिजिटल तकनीक और प्रौद्योगिकी के बारे जानकारी होना आवश्यकः प्रो. सोमनाथ

कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय में दो दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी का हुआ शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

कुरुक्षेत्र। संगोष्ठी में विद्यार्थियों को संबोधित करते कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा।

कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा ने कहा कि जब हम उच्च शिक्षा के परिवर्तन के चौराहे पर खड़े हैं, इसलिए विभिन्न डिजीटल तकनीको की जानकारी और प्रौद्योगिकी के बारे जानकारी होना आवश्यक है। वे गुरुवार को कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के दूरस्थ एवं ऑनलाइन शिक्षा केंद्र तथा विद्या भारती उच्च शिक्षा संस्थान, हरियाणा के सहयोग से उच्च शिक्षा में नियमित, ऑनलाइन एवं ओडीएल विधियों के अभिसरण तथा प्रौद्योगिकी एकीकरण पर आईसीएसआर द्वारा प्रायोजित दो दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी की अध्यक्षता करते हुए बोल रहे थे। इससे पहले दीप प्रज्वलित कर संगोष्ठी का शुभारंभ किया गया व अतिथियों द्वारा सीडीओई की स्मारिका तथा कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय रिसर्च जनरल के एनईपी 2020 के संदर्भ में दूरस्थ और ऑनलाइन शिक्षा विषय पर विशेष अंक का विमोचन किया गया। कुलपति ने कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 का लक्ष्य सभी के लिए शिक्षा सुलभ बनाना और 2035 तक सकल नामांकन अनुपात 50 प्रतिशत हासिल करना है और यह लक्ष्य केवल मिश्रित और संकर शिक्षा के प्रभावी उपयोग से ही प्राप्त किया जा सकता है।

ये रहे मौजूद

इस अवसर पर डीन एकेडमिक अफेयर्स प्रो. दिनेश कुमार, प्रोफेसर पवन शर्मा, प्रो. तेजेन्द्र शर्मा, प्रो. प्रदीप कुमार, प्रो. राकेश कुमार, प्रो. संजीव शर्मा, प्रो. मोहिन्द्र चंद, प्रो. अशोक चौहान, प्रो. पुष्पा रानी, प्रो. राजेश, प्रो. अनुरेखा शर्मा, प्रो. अनिता दुआ, प्रो. ज्योति खजूरिया, उपनिदेशक डॉ. जिम्मी शर्मा, डॉ. ज्योति, डॉ. मीनाक्षी, डॉ. पंकज गुप्ता सहित डीन, निदेशक, विभागाध्यक्ष, शोधार्थी व विद्यार्थी मौजूद थे।

अध्यापिका मीनाक्षी नारी शक्ति सेवा सम्मान से होंगी विभूषित

- अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर सेक्टर 3 में समारोह का किया जाएगा आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

मीनाक्षी शर्मा।

अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर 8 मार्च को सेक्टर 3 कुरुक्षेत्र के शिव मंदिर के प्रांगण में नारी शक्ति सम्मान समारोह आयोजित किया जाएगा और इसके साथ ही स्वैच्छिक रक्तदान शिविर आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम संयोजक राष्ट्रपति पुलिस पदक से सम्मानित, राष्ट्रीय स्वर्ण पदक विजेता शतकवीर डायमंड रक्तदाता एवं पर्यावरण प्रहरी डॉक्टर अशोक कुमार वर्मा ने बताया कि कार्यक्रम में राज्य के विभिन्न क्षेत्रों से राष्ट्र को समर्पित करीब दो दर्जन महिलाओं को नारी शक्ति सेवा सम्मान से विभूषित किया जाएगा। इनमें हरियाणा राज्य से कुरुक्षेत्र जिले के राजकीय माध्यमिक विद्यालय अजराना खुर्द में कार्यरत संस्कृत अध्यापिका मीनाक्षी शर्मा को शिक्षण के क्षेत्र में महत्वपूर्ण योगदान व अन्य सामाजिक कार्यों में बढ़चढ़ कर भाग लेने के लिए सम्मानित किया जाएगा। इसमें प्रोफेसर सुशीला चौहान, राजकुमारी पंवार, ज्योति रोहिल्ला, डॉ. नीतू बाला, अंजली शर्मा, कंचन बाला, डॉक्टर कान्ता वर्मा, पिंकी श्योराण, सुषमा चौधरी, रजवंत कौर, मोनिका भाटिया, आरती, रजनी बाला, नवीन, सुरेखा, पत्रकार हिमशिखा व प्रिंसिपल एकजोत कौर आदि विशेष रूप से उपस्थित रहेंगी।

योजना शैक्षिक सत्र 2024-2025 में जिले से कुल 1430 विद्यार्थियों ने कराया था पंजीकरण

इंस्पायर मानक योजना के अंतर्गत कुरुक्षेत्र के 43 विद्यार्थियों का चयन, मिलेंगे 10 हजार रुपये

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

डॉ तरसेम कौशिक।

- पुरस्कार राशि को सीधे विद्यार्थियों के खातों में भेजा जाएगा

भारत सरकार के विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्रालय तथा राष्ट्रीय नवप्रवर्तन प्रतिष्ठान-भारत द्वारा संचालित इंस्पायर मानक योजना के अंतर्गत जिला कुरुक्षेत्र के 43 विद्यार्थियों का चयन हुआ है। जिला विज्ञान विशेषज्ञ डॉ. तरसेम कौशिक ने बताया कि इस शैक्षिक सत्र 2024-2025 में जिला कुरुक्षेत्र से कुल 1430 विद्यार्थियों ने योजना के लिए पंजीकरण कराया था जिसमें से 43 विद्यार्थियों का चयन किया गया है तथा सभी चयनित विद्यार्थियों को 10,000 रुपये की प्रोत्साहन राशि प्रदान की जाएगी ताकि वे अपने आइडिया को मूर्त रूप दे सकें। पुरस्कार राशि को सीधे विद्यार्थियों के खातों में भेजा जाता है। डॉ. तरसेम कौशिक ने बताया कि इंस्पायर अवार्ड मानक योजना भारतीय युवाओं को विज्ञान और प्रौद्योगिकी के प्रति प्रेरित करने और उन्हें नवाचार करने के लिए प्रोत्साहित करने का एक महत्वपूर्ण प्रयास है। इस योजना के तहत कक्षा 6 से 10 तक के विद्यार्थी अपने नवाचारों को ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से आवेदन करते हैं। जिला शिक्षा अधिकारी संतोष शर्मा ने चयनित विद्यार्थियों को बधाई देते हुए कहा कि यह उपलब्धि जिले के लिए गर्व की बात है।

इन विद्यार्थियों का हुआ चयन

डॉ तरसेम कौशिक ने बताया कि जिला कुरुक्षेत्र से ऐके डीएवी स्कूल इस्माईलाबाद से खुशी तथा अवनी राजपाल, राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय मलिकपुर से यशप्रीत, गीता निकेतन आवासीय विद्यालय से एंजेल, राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बरौंदा से मनीषा देवी, धुराला से मुस्कान, महाराणा प्रताप पब्लिक स्कूल से सुमित कुमार तथा जितेंद्र कुमार, राजकीय माध्यमिक विद्यालय निवारसी से योगिता, राजकीय उच्च विद्यालय भोर सैन्दा से सानिया, राजकीय माध्यमिक विद्यालय फौजी प्लांट से नव्या, राजकीय माध्यमिक विद्यालय कैंथला से प्रीत, राजकीय माध्यमिक विद्यालय करहा साहब से नैतिक, मोहनपुर स्कूल से अरमान, भटेरी से संजना, बोधिनी से वंश, गुमथला से तनु, ककराला गुजरान से जसनप्रीत, मूर्तिजापुर से मुस्कान, सुरमी से तनु, ठसका मीरांजी से लविश तथा राशि, बौर कालवा से हिमांशु, कशीथल से हनी सिंह, झांसा से हिमांशु, मंगोली जाटान से पूर्वी तथा कनिका, राय आर्य सीनियर सेकेंडरी स्कूल से दिशिका, श्री गुरु नानक प्रीतम गर्ल्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल से मनजीत, विश्वास पब्लिक स्कूल से राघव मल्होत्रा तथा मन्नत, राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय भूस्थला से नवीन, दबखेड़ी से उर्वशी तथा भव्या, राजकीय माध्यमिक विद्यालय अजराना खुर्द से वंशिका, अमीन से हिमांशु, किरमच से आर्य तथा नितिन, मिजार्पुर से कुशल, उमरी से यशवी, गुरुकुल कुरुक्षेत्र से निखिल पाल, महावीर जैन पब्लिक स्कूल से पारस सैनी, सैनी पब्लिक स्कूल से महक का चयन इंस्पायर मानक योजना के अंतर्गत हुआ है।

गीता विद्यालय के पूर्व छात्र डॉक्टर राजकुमार मित्तल बने कुलपति

कुरुक्षेत्र। श्रीमद्भागवद गीता वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय कुरुक्षेत्र में खुशी का माहौल है क्योंकि गीता विद्यालय के 1978 बैच के पूर्व छात्र प्रो. राजकुमार मित्तल को बाबा साहब डॉ भीमराव अंबेडकर सेंट्रल यूनिवर्सिटी, लखनऊ का कुलपति नियुक्त गया है। उनकी नियुक्ति पर विद्यालय के प्राचार्य अनिल मदान अध्यक्ष महेंद्र सिंगला, वरिष्ठ उपाध्यक्ष अशोक रोशा, प्रबंधक वीरेंद्र वालिया, कोषाध्यक्ष रमेश गुलाटी,जंग बहादुर व प्रबंध समिति के अन्य सदस्यों ने डॉक्टर राजकुमार मित्तल को हार्दिक बधाई दी। इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य अनिल मदान ने कर्मचारियों व अध्यापकों को मिठाई खिलाकर खुशी जाहिर की।

खबर संक्षेप

चोरी के मामले में आरोपी गिरफ्तार

अंबाला। थाना अंबाला शहर में दर्ज चोरी के मामले में पुलिस ने आरोपी कुलविंद्र उर्फ कुल्ली व सचिन को गिरफ्तार किया है। दोनों आरोपियों को जेल भेज दिया गया है। पुलिस ने आरोपियों से एक ट्रैक्टर को भी बरामद किया गया है। कमल विहार के रहने वाले सुधीर कुमार ने 4 मार्च को शिकायत दर्ज करवाई थी कि किसी ने उसके घर के बाहर से से उसकी बाइक चोरी कर ली है।

खरीदारों की पसंद बनी एमजी हेक्टर

अंबाला। एमजी हेक्टर भारतीय कार खरीदारों के लिए लगातार पहली पसंद बनी हुई है। यह गाड़ी बगैर भारी कीमत के स्टाइल, स्पेस, आराम और अत्याधुनिक तकनीक की तलाश में हैं। साथ ही 500 रुपये प्रति माह का कम मेंटेनेंस खर्च. प्रीमियम हैचबेक की तुलना में कम मेंटेनेंस खर्च के साथ, एमजी हेक्टर 2024 में एसयूवी श्रेणी में एक स्मार्ट निवेश के रूप में उभरकर सामने आई है।

तीन शिकायतों का मौके पर ही निपटान किया

अंबाला। जिला स्तर पर आयोजित समाधान शिविर में वीरवार को अतिरिक्त उपायुक्त डॉ. ब्रहमजीत ने यहां पहुंचे प्रार्थियों की समस्याओं को विस्तार पूर्वक सुनते हुए सम्बन्धित अधिकारियों को शिकायत मार्क कर उनका निवारण करने बारे निर्देश दिए। समाधान शिविर में 4 शिकायतें प्राप्त हुई जिनमें तीन शिकायतों का मौके पर ही निपटान कर दिया तथा शेष बची एक शिकायत को भी मार्क करते हुए जल्द से जल्द निपटान करने के निर्देश दिए।

चोरी के मामले में आरोपी गिरफ्तार

अंबाला। थाना अंबाला शहर में दर्ज लूट के मामले में पुलिस ने दो अन्य आरोपी महिला को गिरफ्तार किया है। इस मामले में तीन महिलाओं को पहले ही गिरफ्तार किया गया है। शिवालिक कॉलोनीके सुधीर कुमार ने 6 फरवरी 2025 को शिकायत दर्ज करवाई थी कि भारत बर्तन भंडार से कई महिलाओं ने उसकी दुकान से नकदी व बर्तन चोरी किए हैं। इस शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू की थी।

आचार संहिता हटते ही प्रारंभ होगी विमान सेवा

डोमेस्टिक एयरपोर्ट से चार जगह के लिए उड़ान को मिली मंजूरी

एयरपोर्ट पर सिविल वर्क का कार्य भी पूरा, विज बोले-विमान सेवाएं शुरू होते ही विकास के खुलेंगे नए रास्ते

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

अंबाला के डोमेस्टिक एयरपोर्ट से चार स्थानों के लिए उड़ान को मंजूरी मिल गई है। इसमें अंबाला से अयोध्या, जम्मू, श्रीनगर और लखनऊ रूट को फाइनल किया है। अब इन रूटों पर विमान सेवा प्रदाता कंपनी को लाने के लिए प्रक्रिया चल रही है। यह काम प्रदेश का नागरिक उड्डयन विभाग और एयरपोर्ट अथॉरिटी ऑफ इंडिया के जरिये किया जा रहा है। उधर अंबाला छावनी में घरेलू एयरपोर्ट पर जो सिविल कार्य होना था वह पूरा हो चुका है। इसके साथ ही सुरक्षा की दृष्टि से स्टॉफ को विशेष प्रशिक्षण भी दिया जा चुका है।

अंबाला। डोमेस्ट्रिक एयरपोर्ट का बाहरी दृश्य। *फोटो : हरिभूमि*

छावनी एयरपोर्ट होगा टर्मिनल का नाम

डोमेस्टिक एयरपोर्ट से उड़ान शुरू होने से पहले उसका नाम भी फाइनल कर दिया गया है। इस टर्मिनल का नाम भी छावनी एयरपोर्ट रखा है। यह नाम इसीलिए रखा गया जिससे कि नाम के लिए किसी प्रकार की बड़ी प्रक्रिया में समय जाया न हो। सब कुछ ठीक रहा तो आचार संहिता के बाद कुछ ही समय में यहां से इन चारों रूटों पर उड़ान शुरू हो सकेगी। परिवहन मंत्री अनिल विज ने बताया कि केंद्र सरकार की आरसीएस यानि रीजनल कनेक्टिविटी स्कीम, जिसे उड़ान भी कहा जाता है। इसके तहत पहले अंबाला से अयोध्या और अंबाला से श्रीनगर दो रूटों को चुना गया था। इसके बाद ऊर्जा, परिवहन एवं श्रम मंत्री अनिल विज ने जम्मू और लखनऊ रूट को लेकर भी प्रयास शुरू किए। ऐसे में अब चारों रूटों को नागरिक उड्डयन विभाग ने चुन लिया है। अब इंतजार किया जा रहा है कि इन रूटों पर उड़ान सेवा शुरू करने के लिए कंपनी को फाइनल कर उनके साथ सभी प्रक्रिया पूरी कर ली जाए।

एयर कनेक्टिविटी से होगा फायदा

बताया जाता है कि कई बड़ी एयरलाइन भी अंबाला छावनी से विमान सेवा प्रारंभ करने की इच्छुक भी हैं। हालांकि अभी तक नागरिक उड्डयन विभाग ने यह साफ नहीं किया है कि कौन सी कंपनी इन रूटों पर सेवाएं देने को तैयार है। बता दें कि एयरफोर्स स्टेशन के पास लगती डेयरी फार्म की 20 एकड़ जमीन पर टर्मिनल तैयार किया गया है। यह जमीन रक्षा मंत्रालय से अब नागरिक उड्डयन विभाग के नाम स्थानांतरित की जा चुकी है। प्रदेश सरकार की तरफ से इसके 133 करोड़ रुपये प्रदेश सरकार ने रक्षा मंत्रालय को जारी किए हैं। टर्मिनल के सिविल वर्क के लिए 16 करोड़ रुपये से अधिक की धनराशि से कार्य कराया गया है। यह सभी कार्य लगभग पूरे हो चुके हैं। अब एयरपोर्ट अथॉरिटी ऑफ इंडिया यहां पर उड़ान शुरू करने के लिए प्रक्रिया कर रहा है।

विमान कई राज्यों की उड़ान भरेंगे

एयर कनेक्टिविटी शुरू होने से अंबाला को भारी फायदा होगा। दरअसल लंबे से अंबाला में डोमेस्टिक एयरपोर्ट के निर्माण को लेकर काम चल रहा था। परिवहन मंत्री अनिल विज ने इसके लिए बेहतर प्रयास किए। इन प्रयासों की बदौलत अब अंबाला अयोध्या, जम्मू व लखनउ से सीधे जुड़ जाएगा। आने वाले दिनों में से कई विमान कई राज्यों की उड़ान भरेंगे। मंत्री की मानें तो यहां एयर कनेक्टिविटी शुरू होने से विकास के नए रास्ते भी खुलेंगे। साथ ही लोगों को रोजगार के भी अवसर मिलेंगे। फिलहाल निकाय चुनाव की मतगणना पूरी होने के बाद आचार संहिता हटते ही डोमेस्टिक एयरपोर्ट से विमान सेवाएं शुरू होने की बात कही जा रही है।

योगा फेडरेशन ने प्रारंभ की होम्योपैथी डिस्पेंसरी

अंबाला। डिस्पेंसरी में मरीज को चेक करता चिकित्सक।

- लंबे समय से चल रही थी डिस्पेंसरी खोलने की तैयारी, सस्ते दाम पर मरीजों को मिलेगा उपचार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

योगा फेडरेशन ने वीरवार को होम्योपैथी डिस्पेंसरी को शुरूआत की। प्रधान राजिंदर विज ने बताया कि होम्योपैथी डिस्पेंसरी का उद्घाटन डॉक्टरों को फूल माला पहनकर विधिपूर्वक सेंटर का चार्ज दिया गया ताकि होम्योपैथी डिस्पेंसरी की सुविधा का आम जनता को मिल सके। सचिव अश्विनी जैन ने बताया कि होम्योपैथी डिस्पेंसरी में डॉक्टर सक्षम शर्मा ने अपनी सेवाएं प्रदान करनी शुरू कर दी है। लोगों ने इसका लाभ उठाना शुरूकर दिया है। यहां पर लोगों को बहुत ही कम शुल्क पर होम्योपैथी डिस्पेंसरी की विभिन्न सेवाएं प्रदान की जाएगी। यह सुविधा सुबह 9 से 1 बजे तक उपलब्ध रहेगी। कार्यकारी प्रेसिडेंट सुनीता अरोड़ा ने बताया कि इससे पहले योगा फेडरेशन ने फरवरी में आयुष के साथ मिल कर एक आयुर्वेदिक डिस्पेंसरी व स्वस्थ वेलनेस सेंटर भी इसी कार्यालय में शुरू किया था जिसमें आयुष विभाग की एक डॉक्टर फ्री सेवाएं प्रदान कर रहें है। इसमें ओपीडी के दिन 150 से लेकर 200 मरीज इस अस्पताल की फ्री सुविधा का लाभ उठा रहे हैं। फेडरेशन द्वारा इसी कार्यालय में पंचकर्म एवं फिजियोथैरेपी की सुविधा भी नाम मात्र शुल्क पर प्रदान की जा रही है।

ये रहे मौजूद

गौरतलब है कि इस स्वास्थ्य कल्याण केंद्र में मरीजों को प्रमार्श और आयुर्वेदिक दवाई मुफ्त में उपलब्ध कराई जा रही है। पंचकर्म के अंतर्गत इस वेलनेस सेंटर में मसाज, स्टीम बाथ, शिरोधारा, जल नीति और जोंक विधि से भी लोगों का इलाज किया जाता है। मौके पर कार्यकारिणी सदस्य कमलप्रीत कौर व लोकेश दत्त भी उपस्थित रहे।

जल शोधन सयंत्र का मुआयना किया

- जीएमएन कॉलेज ऑफ नर्सिंग ने सेक्टर 34 स्थित स्थापित जल शोधन सयंत्र से लिया शैक्षिक अनुभव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

जीएमएन कॉलेज ऑफ नर्सिंग के लगभग 60 छात्रों ने सेक्टर 34, घसीटपुर जल शोधन सयंत्र का मुआयना किया। इस शैक्षिक यात्रा का मुख्य उद्देश्य छात्रों को जल शोधन प्रक्रियाओं की बारीकियों से अवगत कराना और व्यावहारिक ज्ञान प्रदान करना था। इससे वे अपने नर्सिंग अभ्यास में स्वास्थ्य और स्वच्छता से संबंधित महत्वपूर्ण पहलुओं को बेहतर ढंग से समझ सके। इस दौरे से समाज में रह रहे पेयजल से ग्रसित मरीजों को भी इसका लाभ मिल सके।और उनके परिजनों को भी स्वच्छ जलपान के महत्व की जानकारी प्रदान कर सके। इस दौरे के दौरान छात्रों को जल शोधन सयंत्र के विशेषज्ञों द्वारा जल को शुद्ध करने की विभिन्न वैज्ञानिक प्रक्रियाओं के बारे में विस्तार से बताया गया। जैसे कि स्क्रीनिंग, कोएग्युलेशन ,फिल्ट्रेशन, डिसइंफेक्शन इत्यादि। संयंत्र में कार्यरत विशेषज्ञों ने छात्रों को जल शोधन की नवीनतम तकनीकों के बारे में भी जानकारी दी। इस दौरान जीएमएन कॉलेज ऑफ नर्सिंग की शिक्षिका डॉ. रमारानी और शिवानी शर्मा भी छात्रों के साथ उपस्थित रहीं। उन्होंने बताया कि जीएनएम नर्सिंग पाठ्यक्रम में जल शोधन प्रक्रिया का अध्ययन अनिवार्य रूप से शामिल किया गया है ताकि छात्र यह समझ सकें कि स्वच्छ पेयजल मानव स्वास्थ्य के लिए कितना महत्वपूर्ण है।

अंबाला। जल शोधन सयंत्र का मुआयना करते नर्सिंग के छात्र।

अंबाला सेंट्रल जेल से 8 बंदियों को मिली रिहाई

- सीजेएम बोले जेल में हर महीने लोक अदालत का होता है आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

अंबाला सेंट्रल जेल में वीरवार को लोक अदालत का आयोजन किया गया। सीजेएम एवं सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण प्रवीण की अध्यक्षता में अदालत का आयोजन किया गया। इसमें 27 मुकदमें रखे गए थे जिनमे नियमानुसार 5 मुकदमों का निपटारा किया गया और 8 बंदियों को निर्धारित शर्तो पर रिहा किए गया। सीजेएम प्रवीण ने बताया कि जिला एवं सत्र न्यायधीश व अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सुश्री कंचन माही के मार्गदर्शन मे प्रतिमाह जेल लोक अदालत का आयोजन किया जाता है।

इसके अलावा बिजली, पानी इत्यादि संबंधित प्री लिटिगेशन स्टेज पर मुकदमें स्थायी लोक अदालत मे लगाकार निपटाए जा सकते हैं। स्थायी लोक अदालत, जिला एडीआर सेंटर, अम्बाला मे स्थापित है। किसी भी कार्यदिवस पर इसके मुकदमें लगा सकते हैं। उन्होंने यह भी बताया कि नेशनल लोक अदालत का आयोजन जिला न्यायालय, व सब डिवीजन, नारायणगढ की अदालतों मे 8 मार्च 2025 को किया जाएगा। इसके अतिरिक्त स्थाई लोक अदालत व उपभोक्ता अदालत मे नेशनल लोक अदालत का आयोजन 7 मार्च 2025 को किया जाएगा।

अंबाला। जेल में लगी लोक अदालत के दौरान केसों की सुनवाई करते न्यायाधीश।

धन की बचत

सीजेएम प्रवीण ने जनसाधारण से अपील की कि वे अदालत मे लंबित मुकदमें व प्री लिटिगेशन स्टेज पर मुकदमे इस लोक अदालत मे रख कर उनका निपटारा करवा सकते हैं। आपसी समझौते से मुकदमें का निपटारा होने पर भाईचारे की भावना बढ़ती है। लोक अदालत में समझौता मुकदमों की अपील भी नहीं होती जिससे समय व धन की बचत होती है। प्राधिकरण सचिव ने आह्वान किया कि राष्ट्रीय लोक अदालत को एक उत्सव की तरह मनाना चाहिए।

उपायुक्त ने अधिकारियों को दिए जरुरी निर्देश

अंबाला। निकाय चुनाव की मतगणतना को लेकर अधिकारियों से बातचीत करते डीसी। फोटो : हरिभूमि

- तीनों मतगणना केंद्रों की सुरक्षा पुख्ता करने के निर्देश, ड्यूटी में लापरवाही पर होगी सख्त कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त अजय सिंह तोमर ने कहा कि 12 मार्च को निकाय चुनाव की 8 बजे मतगणना का कार्य शुरू किया जाएगा। इसी कड़ी में जिला निर्वाचन अधिकारी ने ऑनलाईन प्रक्रिया के माध्यम से काउंटिंग स्टॉफ की रेंडमाइजेशन करते हुए आरओ वाइज उन्हें अलॉट किया गया। मौके पर रिटर्निंग अधिकारी एवं एसडीएम अंबाला छावनी विनेश कुमार, रिटर्निंग अधिकारी एवं एसडीएम बराड़ा अमित भारद्वाज, उप जिला निर्वाचन अधिकारी एवं सीटीएम पूजा कुमारी, नगर निगम के संयुक्त आयुक्त पुनीत कुमार मौजूद रहे। जिला निर्वाचन अधिकारी अजय सिंह तोमर ने कहा कि चुनाव से जुड़े अधिकारियों व कर्मचारियों ने जिले में निकाय चुनाव को शांतिपूर्वक व पूरी पादर्शिता के साथ करवाने में बेहतर सफलता हासिल की है। उन्होंने कहा कि इसी प्रकार वह मतगणना के कार्य को भी पूरी पारदर्शिता के साथ करना सुनिश्चित करें। कहा कि चुनाव आयोग की हिदायतों की अनुपालना के तहत मतगणना से जुड़े कार्यों को करना हैं। यह भी बताया कि 12 मार्च दिन बुधवार को निकाय चुनाव के दृष्टिगत मेयर पद के उप चुनाव के लिए मतगणना का कार्य ओपीएस विद्या मंदिर सेक्टर 9 स्कूल अम्बाला शहर में में, नप अंबाला छावनी के चुनाव की मतगणना एसडी कॉलेज छावनी में व बराड़ा नपा चुनाव की मतगणना डीएवी स्कूल बराड़ा में होगी।

ये रहे मौजूद

जिला निर्वाचन अधिकारी अजय सिंह तोमर ने संबंधित रिटर्निंग अधिकारियों को यह भी निर्देश दिए कि मतगणना से पहले सभी आवश्यक प्रबधं एवं तैयारियां सुनिश्चित हो जानी चाहिए। इसके साथ-साथ मतगणना के कार्य में काउंटिंग स्टॉफ को किसी प्रकार की कोई परेशानी न आए इसके लिए 10 मार्च को मतगणना से जुड़े कर्मचारियों व अधिकारियों की रिहर्सल भी करवाई जाए। एआरओ एवं तहसीलदार प्रिंयका, एआरओ व तहसीलदार आदित्य, एआरओ एवं नायब तहसीलदार सुनील कुमार भी मौजूद रहे।

अंबाला: हादसे में कार क्षतिग्रस्त, हंगामा किया

अंबाला। एक डंपर ने एक कार में टक्कर मार दी। टक्कर में एक कार पीछे से बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई। घटना के बाद क्षेत्र में हंगामा हो गया। काफी देर तक रोड जाम रहा। मौके पर पुलिस ने पहुंच कर मामले को संज्ञान में लेकर कार्रवाई शुरू की है। मामला अंबाला शहर के मॉडल टाउन स्थित सेक्टर 7 का है। जहां प्रेम नगर की ओर से एक कार आ रही थी। इसी दौरान पीछे से आ रहे तेज रफ्तार डंपर ने कार में जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर से कार पीछे से पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। गनीमत रही कि कोई हताहत नहीं हुई। कार मालिक ने गाड़ी रोककर डंपर वाले को रोक लिया और पुलिस को घटना की जानकारी दे दी। जब तक पुलिस पहुंची रोड पर जाम लग गया।

सरकार के खिलाफ जताया रोष

- सफाई ठेकेदार पर कर्मचारियों के हितों से खिलवाड़ करने का आरोप

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारायणगढ़

ठेका प्रथा को लेकर कर्मचारियों ने राज्य सरकार पर हमला बोला। ठेका सफाई कर्मचारियों के प्रधान सतीश रसोर व शशांक हंस तथा सीटू नेता सतीश सेठी ने कहा कि शोषण व भृष्टाचार की जननी ठेकेदारी प्रथा के कारण शहरवासियो व कर्मचारियों की मुश्किलें दिन प्रतिदिन बढ़ती जा रही है। उपर से सचिव नगरपालिका अपने ही वर्क ऑर्डर को लागू करवाने में पूरी तरह बेबस नजर आ रहें है। कर्मचारी नेताओं ने कहा कि नाइट स्वीपिंग ठेकेदार ने पिछले दस महीने में वर्क ऑर्डर की एक भी शर्त को पूरा नहीं किया है। सरकार द्वारा निश्चित वेतन हाजिरी मुताबिक कर्मचारियों को अ तक नहीं मिला है। जबकि यह हर महीने की 7 तारीख तक मिलना चाहिए। यहां तक कि वर्दी, बूट, पीएफ व इएसआई का लाभ देने का स्पष्ट उल्लेख होने के बावजूद नहीं दिया गया है। दो महीने बाद यह ठेका खत्म हो जाएगा। परंतु प्रशासन हाथ पर हाथ धरकर बैठा है।

इससे पहले यही हाल कूड़ा उठाने वाले ठेकेदार ने भी किया था। उसने भी साल भर वर्क आर्डर को रद्दी की टोकरी में डालकर लूट मचाई। यहां तक कि प्रशासन के नाक के नीचे खुले में कूड़ा डालकर वातावरण को प्रदूषित कर नागरिकों की जिंदगी से खिलवाड़ किया।

नारायणगढ़। बैठक करते सफाई कर्मी व सीटू नेता। फोटो : हरिभूमि

कारोबारी की फॉच्यूर्नर पर किया हाथ साफ

- सिक्योरिटी अलॉर्म बजने के बावजूद किसी को नहीं लगी कार चोरी की भनक

अंबाला। कार में सवार होकर आए तीन आरोपी शहर के सेक्टर-9 से कारोबारी परविंदर की फॉर्च्यूनर कार चोरी कर ले गए। चौकाने वाली बात यह है कि चंद मिनटों में ही दो चोरों ने घर के बाहर खड़ी कार का सिक्योरिटी अलार्म बजने के बावजूद इस वारदात को अंजाम दिया। जबकि मालिक व पड़ोसियों को इसकी खबर तक नहीं लगी। सुबह मालिक ने सीसीटीवी फुटेज खंगाली तो उससे चोरी का पता चला। पुलिस ने कारोबारी परविंद्र सिंह की शिकायत पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी। सीसीटीवी फुटेज में दिखाई दे रहा है कि चोर मंगलवार को एक कार में आते हैं। रेकी करने के बाद एक चोर पहले तो घर में झांकता है। जब कोई नहीं दिखता तो बोनट के साथ छेड़छाड़ करता है।दूसरे साथी के आने के बाद जैसे ही फॉर्च्यूनर कार का लॉक खोलते हैं तो अचानक अलार्म बज जाता है। इतने में एक चोर तुरंत ही बोनट खोलकर अलार्म के स्पीकर की तार काट देता है। ऐसे में आवाज आना बंद हो जाती है लेकिन कार के चारों इंडीकेटर चलते रहते हैं। इतने में दोनों शातिर चंद ही मिनट में कार खोलने के बाद लेकर फरार हो जाते हैं। इस बीच एक चोर अपनी कार में बैठा रहता है।

कार्यक्रम | शिव जयंती पर आयोजित कार्यक्रम में बोली बीके बहनें

ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विवि में त्रिमूर्ति शिव जयंती महोत्सव बड़े धूमधाम से मनाया

हमें केवल एक दिन ही नहीं जीवन भर खुश रहना चाहिए: शैली बहन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारायणगढ़

ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय में त्रिमूर्ति शिव जयंती महोत्सव बड़े धूमधाम से मनाया गया। अवसर पर पूर्व विधायक डॉक्टर पवन सैनी मुख्य अतिथि रहे। अंबाला कैंट से पधारी राज योगिनी ब्रह्माकुमारी शैली बहन ने मुश्किलों में मुस्कुराना नामक टॉपिक पर सभी को प्रवचन दिया। उन्होंने कहा कि हमें इस पावन पर्व को मानते हुए सिर्फ एक दिन नहीं बल्कि हर दिन सदा खुश रहना चाहिए। वास्तव में खुश रहने के लिए कोई शर्त नहीं होनी चाहिए जब सर्वशक्तिमान परमात्मा सारी दुनिया की मुश्किलों को दूर करने वाला है । जब हम उसके उसको अपने साथ रखते हैं तो हम कभी भी उदास नहीं हो सकते क्योंकि दुनिया के सभी मुश्किल से मुश्किल कार्य है वह परमपिता परमात्मा कर सकता है। रायपुररानी से आई ब्रह्माकुमारी राजयोगिनी बीके किरण दीदी ने सुंदर गीतों के माध्यम से परमात्मा संदेश दिया और सबको शिवरात्रि का रहस्य समझाया उन्होंने समझाया कि अपने मन का वेयर विरोधी हमें खत्म करना चाहिए। हम सभी जो देह अभिमान के अधीन जो बुरे कर्म करते हैं उन्हें हमें छोड़ना चाहिए। जीवन को शुद्ध और पवित्र बनाने का सच्चा सच्चा व्रत हमें लेना चाहिए न किसी को दुख देना चाहिए।

नारायणगढ़। मंच पर आसीन मुख्य अतिथि व अन्य। फोटो : हरिभूमि

कार्यों की प्रशंसा की

पूर्व विधायक डॉ पवन सैनी ने ब्रह्मा कुमारीज संस्था के कार्यों की प्रशंसा की और कहा कि ऐसे प्रोग्राम का आयोजन का आयोजन प्रतिदिन किया जाना चाहिए और हर किसी को ऐसे कार्यक्रमों का लाभ लेना चाहिए। उन्होंने कहा कि हमें भी जीवन में तीन बातें अपनाना चाहिए एक तो लीव इट दूसरा टेक आईटी ईजी तो अपने आप सब कुछ ऑल इज वेल हो जाएगा ।

ये रहे उपस्थित

उन्होंने बताया कि हमें बातों को दिल पर ना रख कर उन्हें छोड़ देना चाहिए अंबाला से आए बीके राकेश मेहता ने मंच संचालन किया तथा सभी को प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय में कराए जाने वाले साप्ताहिक कोर्स के लिए प्रेरित किया जो निशुल्क सभी सेवा केंद्र पर कराया जाता है जिसे करके सभी का जीवन खुशनुमा व स्वस्थ बन सकता है अंत में सेवा केंद्र संचालिका बी के हरदीप बहाने सभी का धन्यवाद किया। इस अवसर पर राकेश बिंदल, डॉक्टर राजेंद्र , अशोक कालड़ा, डॉक्टर संतोष पसरिचा , एसएचओ वीरेंद्र वालिया, अमित वालिया व महंत रघुनाथ भी उपस्थित थे।